तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 12.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

## कोई क्या कर लेगा?














रसूख दिखाने नंबर प्लेट में नियमों की कर रहे अनदेखी

# नेम प्लेट नहीं, ये गाड़ी की नंबर प्लेट है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सभी प्रकार के वाहन में परिवहन विभाग की गाइड लाइन के अनुसार नंबर प्लेट लगवाने का नियम है। परिवहन विभाग के नए नियम के मुताबिक एक अप्रैल 2019 के पूर्व की सभी गाड़ियों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाना है। इसके विपरीत वाहन मालिक एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने की जगह अपना रसूख दिखाने गाड़ी में अपने पदनाम के साथ जाति, आराध्य तथा अपने समाज की पहचान बताने वाली नंबर प्लेट लगाकर वाहन दौड़ा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही, जिसके कारण ऐसे लोगों को प्रोत्साहन मिल रहा है।

राजधानी की सड़कों पर कई वाहन चालक अपने दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहन में अपनी जाति के साथ आराध्य, पदनाम लिखे नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे हैं। बावजूद ▶▶| शेष पेज 13 पर

### गाड़ियों में नंबर प्लेट लगाने का यह है नियम

गाड़ी पर नंबर प्लेट का नंबर मानक साइज में होना अनिवार्य है। गाड़ी पर लगी नंबर प्लेट का नंबर पढ़ने योग्य होना चाहिए। नंबर प्लेट पर नंबर एक ही साइज व सीधे-सीधे लिखा होना चाहिए, ऊपर-नीचे लिखे नंबर को खराब या आपत्तिजनक माना जाएगा। नंबर प्लेट पर किसी विभाग या सांकेतिक चिन्ह नहीं होना चाहिए। प्राइवेट व्हीकल पर नंबर प्लेट सफेद या काले रंग पर लिखा होना चाहिए और व्यावसायिक वाहनों पर नंबर प्लेट पीले रंग में होनी चाहिए। इसके अलावा नंबर प्लेट में ▶▶| शेष पेज 13 पर

बैंक से कर्ज लेकर शुरू किया था काम, धंधा चौपट फिर भी जेब से दे रहे स्टाफ की पगार

# जहां चौपाटी उजाड़ी, वहां 23 करोड़ की लाइब्रेरी का निर्माण शुरू


**शिफ्टिंग वाली जगह 21 दिन बाद भी खुल नहीं पाईं 60 दुकानें**



भुक्तभोगियों ने बताई पीड़ा, दुकान खुली नहीं, फ्रिज में रखा सामान खराब हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कालेज खेल मैदान के सामने जहां चौपाटी उजाड़ी, वहां अब नई लाइब्रेरी बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। निर्माण एजेंसी ने पिलर्स खड़ा करने खुदाई शुरू कर दी है। आमानाका ओवरब्रिज के नीचे जहां चौपाटी की 60 दुकानों को शिफ्ट कराया, उनमें से एक भी दुकान 21 दिन बाद भी नहीं खुल पाई। न वहां पानी की व्यवस्था है, न ही दुकानों में लाइट का कनेक्शन पहुंच पाया। धूल के गुबार के बीच उबड़-खाबड़ सड़क से होकर चौपाटी स्थल पर परिवार के साथ ग्राहक कैसे पहुंचेगा, यह सवाल दुकानदारों को परेशान किए है। इधर सैकड़ों परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट उठ खड़ा हुआ है। हालत ये है कि दुकानदार ने बरतन साफ करने के लिए जिस बाई को काम पर रखा, दुकानें बंद रहने से वो काम छोड़कर दूसरे जगह चली गईं। किसी दुकान में आधे कर्मचारी रोजी रोटी का संकट देखकर दूसरी जगह काम ढूंढकर निकल लिए, कहीं कहीं पर दुकानदार ऐसे भी मिले, जो धंधा चौपट होने के बाद भी अपने सहयोगियों की पगार अपनी जेब से दे रहे हैं। 21 दिन से दुकानें खुली नहीं, इसलिए फ्रिज में रखा सामान खराब हो गया। अभी भी यह तय नहीं कि बंद दुकानें कब तक खुलेंगी? पेश है एक रिपोर्ट-



### बैंक से कर्ज लेकर काम शुरू किया, स्टाफ को देने पैसे नहीं : अभिषेक चंसोरिया

चौपाटी पर मेरी 2 छोटी दुकानें थीं, यही हमारा सब कुछ था। हमने बैंक से कर्ज लेकर वॉक एंड टॉक



कियोस्क शुरू किया। इसमें ग्राहकों के लिए चाइनीज खाने पीने की सामग्री, जूस, सैंडविच उपलब्ध कराते थे। मेरे अलावा 9 लोगों का परिवार इससे चलता था। एक साल पहले हमने जब इसे शुरू किया, तो ये पता नहीं था कि ऐसे भी दिन देखने पड़ेंगे। आज स्टाफ को देने के लिए पैसे नही हैं। बड़ी विकट स्थिति है। बिना किसी पर्याप्त नोटिस, पुनर्वास योजना या वैकल्पिक स्थान दिए इस तरह की एकतरफा कार्रवाई ▶▶| शेष पेज 13 पर

### फ्रिज में रखा सामान खराब, दो साल से अच्छी चल रही थी चौपाटी : हैदर

ब्रिज के नीचे कुछ नहीं है, हमें नगर निगम और स्मार्ट सिटी वालों ने लावारिस छोड़ दिया। दो साल तक



जिन लड़कों को हमारी दुकान से रोजगार मिला, वो आज खाली बैठे हैं। कुछ दूसरी जगह काम ढूंढ रहे हैं। 21 दिन से दुकानें बंद हैं, फ्रिज में रखा सामान खराब हो गया। खाने-पीने की कच्ची सामग्री लाकर दुकान में स्टाक के रूप में रखते थे, उसमें भी भारी नुकसान उठाना पड़ा। लोग पहले परिवार के साथ साइंस कालेज वाली चौपाटी में खुशी-खुशी आते। इससे 5 लड़के एक काम वाली बाई और एक ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 15 जनवरी तक पीक सीजन, बिना अल्टीमेटम के हटाया : परवेज अली

15 जनवरी तक का सीजन हमारे धंधे के हिसाब से पीक सीजन है। ऐसे समय में सैकड़ों परिवार की



आजीविका की परवाह किए बिना 60 दुकानदारों को बिना अल्टीमेटम दिए हटाया गया है। कम से कम 25 दिन और समय देना था, अचानक चौपाटी बंद करने से हमें बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। पहले मैं प्राइवेट नौकरी करता था, उसे छोड़कर खुद का रोजगार शुरू करने दुकान खोली। 6 लाख रुपए इस दुकान में फंसा है। कुछ राशि प्राइवेट लोन के रूप में ली है। हमारी दुकान से 7 परिवार जुड़े ▶▶| शेष पेज 13 पर

# मजदूरी के बहाने रेकी चोरी को अंजाम देने वाले दो अंतर्राज्यीय शातिर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धरसींवा तथा खमतराई थाना क्षेत्र के दो मोबाइल शॉप से लाखों रुपए के मोबाइल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा तथा महाराष्ट्र के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों शातिरों को आंध्रप्रदेश तथा ओडिशा सीमा से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के तीन लाख रुपए कीमत के मोबाइल फोन जब्त किए हैं। राजधानी के अलावा शातिरों ने और किन-किन प्रदेशों में चोरी की है, इस संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है।

- शातिरों को पुलिस ने आंध्रप्रदेश, ओडिशा सीमा से किया गिरफ्तार

मोबाइल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा, कोरापुट निवासी भगतराम डोंगरी उर्फ रवि तथा महाराष्ट्र, पालघर निवासी मुशीर खान को गिरफ्तार किया है। हेमंत वर्मा ने धरसींवा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर पिछले महीने 27-28 नवंबर की दरमियानी रात उसके सिलतरा स्थित पुरानाबस स्टैंड के मोबाइल शॉप में सेंधमारी कर लाखों रुपए के मोबाइल चोरी कर ले गया है। अज्ञात चोरों की पतासाजी करने पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर संदिग्धों का मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तार किया। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### मजदूरी करने के बहाने करते थे रेकी

पुलिस के अनुसार दोनों शातिरों की एक दूसरे के साथ पहचान महाराष्ट्र में हुई थी। इसके बाद दोनों योजनाबद्ध तरीके से अलग-अलग प्रदेशों में जाकर मजदूरी करने के बहाने दुकानों की रेकी करते थे। रेकी करने के बाद शातिर दुकानों में सेंधमारी करने के साथ शटर का ताला तोड़ कर चोरी कर सामान लेकर रफूचक्कर हो जाते थे।

### माल ठिकाने लगाने के बाद लौट आते थे

पुलिस के अनुसार दोनों शातिर चंगोराभाठा में किराए के मकान में लंबे अरसे से रह रहे थे। चंगोराभाठा में चोरी करने के बाद शातिर माल ठिकाना लगाने के बाद पुनः रायपुर लौटे और मजदूरी करने लगे। इसके बाद दोनों बदमाशों ने सिलतरा के मोबाइल शॉप में सेंध लगाकर चोरी की। बदमाश चोरी का माल ठिकाना लगा पाते, इसके पहले पकड़े गए।

# दावा-100 प्रतिशत फॉर्म वितरित और एंट्री की हकीकत-हजारों फार्म न बंटे न हुए जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में जिला प्रशासन द्वारा सातों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 100 प्रतिशत मतदाताओं को फार्म वितरण और 100 प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन धरातल पर अभी भी सैकड़ों की संख्या में मतदाताओं को फार्म बंट नहीं पाया है। वहीं हजारों की संख्या में मतदाताओं ने फार्म ले जाने के बाद जमा नहीं किए हैं। ऐसे में उन मतदान केंद्रों में शत प्रतिशत फार्म जमा और ऑनलाइन एंट्री भला कैसे हो सकती है। हरिभूमि ने शनिवार को एसआईआर में जुटे राजधानी रायपुर के अलग-अलग मतदान केंद्रों में ड्यूटी कर रहे कई बीएलओ से बातचीत की। इस दौरान इन सभी बीएलओ ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उनके मतदान केंद्र में अभी शत प्रतिशत मतदाताओं को फार्म ही नहीं बंट पाए हैं, और जो बांटे गए हैं, उनमें भी कइयों ने ▶▶| शेष पेज 13 पर

### केस 1

उरला क्षेत्र के मतदान केंद्र की बीएलओ ने बताया कि उनके मतदान केंद्र में कुल 787 मतदाता हैं। इसकी तुलना में लगभग 6 सौ से ज्यादा फार्म बांटे गए हैं। बांटे गए फार्म की तुलना में अभी तक 450 जमा हुए हैं। शेष मतदाता अभी तक फार्म जमा नहीं किए हैं। जिन लोगों को फार्म बांटा नहीं गया है, उनमें ज्यादातर अपना ठिकाना बदल चुके हैं, वहीं कुछ की मृत्यु भी हो चुकी है।

### केस 2

रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की एक बीएलएओ ने बताया कि उनके मतदान केंद्र अंतर्गत कुल 1272 मतदाता हैं। इनमें से 1022 मतदाताओं को फार्म बांट चुके हैं, जिनमें से शत प्रतिशत फार्म जमा नहीं हुए हैं। अपार्टमेंट में किराए के मकान में रहने वाले ज्यादातर लोगों ने ठिकाना बदल दिया है, जिसके कारण फार्म बांट नहीं पाए हैं।

### उस क्षेत्र के ईआरओ अफसर ही जानकारी दे पाएंगे

मृत्यु हो चुकी या ठिकाना बदल चुके ऐसे मतदाताओं की संख्या लगभग 15 से 20 प्रतिशत होगी। इन मतदाताओं को छोड़कर सभी मतदाताओं को फार्म बांटे गए हैं और जमा होने के बाद एंट्री हुई है। अगर कोई बीएलओ इस तरह की जानकारी दे रहे हैं, तो उस क्षेत्र के इआरओ अफसर ही सही जानकारी दे पाएंगे।

- **नवीन ठाकुर**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




MRP. ₹ ~~999~~ से ₹ ~~1299~~
प्रति पीस वाले
प्रीमियम ब्रांडेड क्वालिटी
डिजिटल प्रिंट
मेन्स कुर्ता
₹333 में प्रति पीस

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा। पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है।

रायपुर
बैजनाथ पारा ● सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी ● 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी
न्यू राजेन्द्र नगर ● मेन रोड, लाखेनगर ● मंगल बाजार, गुढ़ियारी ● गली नं. 2, कटोरा तालाब
*condition apply

**खबर संक्षेप**

### मजदूरों का धरना जारी निकाली भव्य पदयात्रा




**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के रायखेडा-चिचोली में स्थापित अदानी पावर लिमिटेड में 16 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 6 दिनों से चल रहे धरना प्रदर्शन के चलते शनिवार को 3 किलोमीटर तक पदयात्रा निकला गया. यात्रा में लगभग 3000 से अधिकमजदूर और उनके परिजन और आसपास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जनपद सदस्य प्रकाश सगरवंशी राय खेड़ा क्षेत्र क्रमांक 14 .सरपंच रायखेड़ा दिनेश वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि तराशिव मनीष वर्मा .सरपंच प्रतिनिधि शेखर चंद्रवंशी गयात्रा, रोशन यादव सरपंच प्रतिनिधि गौर खेड़ा, सरपंच चिचोली और आसपास के सभी जनप्रतिनिधि निकली गई रैली में सह्मिल हुए ..

### साय सरकार ने विकास और विश्वास की इबारत लिखी

**कूंरा।** छत्तीसगढ़ में सुशासन की अवधारणा को धरातल पर उतारते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक सिन्हा ने कहा कि इन दो वर्षों में सरकार ने जनहित, पारदर्शिता और विकास को केंद्र में रखकर कई ऐसे निर्णय लिए हैं, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों तक पहुंचा है। शासन की प्राथमिकता स्पष्ट रही—जनता के काम समय पर, बिना बाधा और ईमानदारी से पूरे हों। किसान हित में सरकार ने ठोस कदम उठाते हुए धान खरीदी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सुचारु बनाया। ऑनलाइन टोकन प्रणाली, भुगतान में तेजी और खरीदी केंद्रों की संख्या में विस्तार से किसानों को बड़ी राहत मिली।

### सिविल व फौजदारी मामलों की सुनवाई की, और कई प्रकरणों पर हुआ राजीनामी

# नेशनल लोक अदालत में 425 में से 287 प्रकरणों का तत्काल निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

जिला न्यायालय रायपुर के तहसील स्तरीय न्यायालय तिल्दा नेवरा में शनिवार को साल की आखिरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण विवाद, सड़क दुर्घटना (मोटर दुर्घटना दावा), बिजली बिल बकाया, लंबित चालान भुगतान, चेक बाउंस जैसे सिविल व फौजदारी मामलों की सुनवाई कर सिविल व अन्य राजी नामा योग्य कई प्रकार के प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित निराकरण किया गया. लोक अदालत शुरू होते ही न्यायालय परिसर में सुबह से ही बड़ी संख्या में वादकारी पहुंचे थे ।

इस मौके पर न्यायालय परिसर में पंजाब बैंक कनेरा बैंक .केन्द्रीय ग्रामीण बैंक .नगरपालिका के अधिकारियों ने ऋण धारकों के साथ समझौता कर बकाया राशि वसूल की। इसके अतिरिक्त, दूरसंचार विभाग से संबंधित बकाया मामलों में भी वसूली की कार्रवाई की गई।

इसके पहले नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ तिल्दा न्यायालय के न्यायाधीश भावेश कुमार वटी, ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर अधिवक्ता राम वाधवा, दिलीप देवांगन ,शिवकुमार तिवारी, घनश्याम वर्मा, अमन वाधवा, मनोहर साहू ,गायत्री वर्मा, मंजू तिवारी,और सरस्वती जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित थे।





नेशनल लोक अदालत में क्रिमिनल के 07, चेक बाउंस संबंधी 07, ट्रैफिक चालान 227, जलकर संपत्तिकर संबंधी 12 वह अन्य 32 केस सहित कुल 425 प्रकरण रखे गए। इनमें से 287 का तत्काल निराकरण किया गया। नायब नाजिर मोहनलाल कंवर. रीडर गोपाल देवांगन. चिरंजीव साहनी. सुरेश यादव .कर्मचारी उपस्थित हथे

अधिवक्ता राम वाधवा ने कहा लोक अदालत में लंबी कानूनी प्रक्रिया के बिना समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जाता है, जिससे वादकारियों का समय और धन दोनों बचता है। न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत में निस्तारित मामलों के निर्णय अंतिम होते हैं और इनके खिलाफ अपील का कोई प्रावधान नहीं होता।

अधिवक्ता दिलीप देवांगन ने बताया कि लोगों से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की गई थी । राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आम जनता को त्वरित, सरल और सस्ता न्याय उपलब्ध कराना है। प्रशासन ने देर शाम तक अधिकांश वादों के निस्तारण का दावा किया है।

# गनोद स्कूल में शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत निरीक्षण



**आरंग।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गनोद का निरीक्षण 12 दिसंबर को किया गया। निरीक्षण में जनपद सदस्य श्रीमती पद्मिनी साहू, प्राचार्य रेखा साहू, संकुल समन्वयक जग्गूराम साहू सहित व्याख्यातागण सुरेन्द्र यादव, सुखनन्दन टंडन, पंचूराम ध्रुव, मिथिला साहू, संगीता पारेख, प्रतीक्षा रोटकर, आकांक्षा पाण्डेय, लीना मिन्ज तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

जनपद सदस्य पद्मिनी साहू ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उनकी शिक्षा में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। प्रत्येक शिक्षक पूर्ण समर्पण के साथ बच्चों पर ध्यान दें। इस पर प्राचार्य रेखा साहू ने आश्वासन दिया कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु पूर्ण मनोयोग से कार्य करेगा और हम सब मिलकर विद्यालय को उत्कृष्ट बनाएंगे। निरीक्षण के साथ ही शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा गुणवत्ता, विद्यालय की मूलभूत सुविधाएँ और आवश्यक सुधारों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और विद्यालय में शिक्षा स्तर को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया गया।

# रोजगार मेला उड़ान में 30 विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन भिलाई के सहयोग से रोजगार मेला उड़ान-26 में सहभागिता हेतु महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट एवं मॉक इंटरव्यू का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य उन्हें रोजगार मेले के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक अंतिम वर्ष के 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के उपरांत 30 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जो आगामी रोजगार मेला उड़ान-26 में विभिन्न




कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार में भाग लेकर नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के अवसर प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इस दौरान प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. दिव्या चतुर्वेदी, डॉ. दीपा चतुर्वेदी एवं श्रीमती डाली सोनी उपस्थित रहीं।

### गुरु घासीदास जयंती पर कल शोभायात्रा

**चंदखुरी।** सतनामी समाज के संस्थापक परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती (गुरु पर्व) के अवसर पर इस वर्ष भी 14 दिसंबर को चंदखुरी फार्म में भव्य आयोजन किया जा रहा है। विगत चार वर्षों की भांति इस साल भी सतनामी समाज



चंदखुरी परिक्षेत्र द्वारा विशाल सतनाम शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में पंथी नृत्य, धूमाल और अखाड़े शामिल होंगे, जो बाबा गुरु घासीदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन में समस्त क्षेत्रवासियों को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजक समिति के सदस्य तेजराम घृतलहरे, डागेश्वर भारती, यशवंत नौरंगे और योगेश डांडे ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के माध्यम से बाबा जी के सत्य, समानता और अहिंसा के संदेश को समाज में प्रसारित किया जाएगा।

# तरपोंगी टेनिस बाल क्रिकेट में 16 टीमों की रही प्रतिभागिता

**तरपोंगी।** ग्राम तरपोंगी में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगे।

उद्घाटन मैच ग्राम मुर्रा व कपसदा की बीच खेला गया। मुर्रा के टीम ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला लिया। कपसदा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 8 ओवर में 8 विकेट खो कर 56 रन बनाये। जिसके जवाब में मुर्रा के टीम ने 8 ओवर में 9 विकेट खो कर मात्र 39 रन ही बना पाए। इस तरह कपसदा की टीम 17 रन से विजयी रही। इस



मैच के मैन ऑफ द मैच गोपेन्द्र कपसदा रहे। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी थे। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सावन नायक, सगुनी सरपंच रजत कश्यप, सड्डू सरपंच नंदकुमार साहू, सड्डू पूर्व सरपंच डॉ नरेंद्र यादव, रूपकुमार साहू, हिमांशु निषाद, गिरीश देवांगन, समीर सिंहा, पंकज वर्मा,गोकुल निर्मलकर, चंदन निषाद, डोमन निषाद, केवल धीवर, मिथलेश वर्मा, बंटी निषाद, मनीष सेन, सूदन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मां सारदा की जयंती ग्राम भूमिया में मनाई, पुष्पांजलि अर्पित की




**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सोमनाथ धाम मार्ग पर स्थित भूमिया श्री विवेकानंद सेवा आश्रम समिति में माँ सारदा देवी की 173 वीं जन्म जयंती आश्रम में रामकृष्ण देव विवेकानंद माँ सारदा की विधिवत पूजा अर्चना कर आरती भजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भूमिया के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया। माँ की जयंती पर संत सत्यनारायण महराज ने विस्तार से सारदा माँ की जीवनी पर प्रकाश डाला, और आसपस गांव के लोगों को विवेकानंद की भावधार से जुड़ने की अपील की। आश्रम के दानदाता केजूराम वर्मा ने समिति की गतिविधियों की जानकारी देते हुए निःशुल्क कोचिंग जनवरी में युवा महोत्सव पर निर्धन लोगों को कम्बल महाशिवरात्रि में भोग भंडारा इत्यादि की जानकारी दी।

धरसींवा जनपद सदस्य मानसिंग वर्मा ने सभा को सम्बोधन कर विवेकानंद जी के चरित्र पर युवा शक्ति से अभूतपूर्व परिवर्तन करने की बात कही।सभा को अशोक कश्यप ने भी सम्बोधन किया। भोजन प्रसादी के बाद कार्यक्रम की समापन हुआ। कार्यक्रम को धर्मेंद्र वर्मा ने संचालित किया। इस अवसर पर भीषम वर्मा, अशोक कश्यप, सी आर वर्मा, चंद्रशेखर, सीमा लीलाधर वर्मा, यश वर्मा, लिकेश, हिमांशु वर्मा, मालिक वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### परसतराई-मुरेठी मार्ग जर्जर आवागमन में भारी परेशानी

**कूंरा।** परसतराई—मुरेठी मार्ग की जर्जर हालत को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद प्रशासन और सरकार की उदासीनता साफ नजर आ रही है। दो गांवों को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क आज तक अधूरी है। बड़े-बड़े गड्ढों और उखड़ी सतह के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं।

अब इस मुद्दे पर क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद ने सरकार और प्रशासन पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि "राज्य सरकार द्वारा मनाए गए सुशासन तिहार में इस सड़क की मरम्मत और पक्कीकरण के लिए दो बार आवेदन दिया गया, लेकिन आज तक जमीनी स्तर पर कुछ भी नहीं हुआ। कागजों में सुशासन है, लेकिन गांवों में सिर्फ बदहाली।

उन्होंने आगे कहा कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों ग्रामीण, किसान, मजदूर, स्कूली बच्चे और मरीज आवाजाही करते हैं। बरसात के मौसम में सड़क की हालत और भी खराब हो जाती है, गड्ढों में पानी भरने से दोपहिया वाहन फिसलते हैं और चारपहिया वाहन फंस जाते हैं। कई बार लोग चोटिल हो चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी न तो विभागीय निरीक्षण हुआ और न ही मरम्मत का काम शुरू किया गया। क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क मरम्मत और पक्कीकरण का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# शालेय खेल में हिमानी ने किया कमाल तब राष्ट्रीय हेंडबाल टीम में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

- विद्यालय प्रबंधन ने सम्मान करने की घोषणा की

गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, आरंग की कक्षा 9वीं की छात्रा हिमानी ध्रुव, पुत्री भीमसेन ध्रुव एवं सरस्वती ध्रुव ने अंडर-17 में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और परिश्रम के बल पर राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल टीम में स्थान बनाकर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत हिमानी का सफर ब्लॉक स्तर से शुरू हुआ, जहाँ उन्होंने स्थानीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद जिला स्तरीय और संभाग स्तरीय हैंडबॉल चयन प्रतियोगिताओं में उन्होंने दमदार खेल दिखाते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई और अपनी खेल रणनीति, गति व कौशल से निर्णायकों को प्रभावित किया। संभाग स्तर पर मिली सफलता ने उन्हें कांकेर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम में जगह दिलाई, जहाँ उन्होंने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अनुशासित अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर भी अपनी पहचान मजबूत की। वर्ष 2025–26 में कांकेर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (हैंडबॉल) में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर हेतु चयन सूची में अपना नाम अंकित करवाया। अब वे राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम का हिस्सा बनेंगी और राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय स्तर हेतु चयनित हिमानी राष्ट्रीय स्तरीय चयन शिविर में शामिल होंगी।

### बीईओ ने दी शुभकामनाएं

आरंग क्षेत्र का गौरव बढ़ने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने हिमानी को उसकी इस सफलता पर बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने हेतु आशीर्वाद दिया। हिमानी की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का वातावरण है। प्राचार्य एवं अकादमिक प्रभारी ने कहा कि हिमानी ने सिद्ध किया है कि निरंतर अभ्यास और अनुशासन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी सफलता विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय की खेल शिक्षिका एवं प्रशिक्षक प्रियल साहू ने बताया कि हिमानी पिछले कई महीनों से नियमित अभ्यास कर रही थीं और उनके खेल में निरंतर सुधार देखा गया है, जो अब राष्ट्रीय स्तर पर चयन के रूप में सामने आया है। हिमानी के माता-पिता ने भी अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय और प्रशिक्षकों का आभार जताया तथा कहा कि बचपन से खेलों में रुचि रखने वाली हिमानी का यह चयन उनके सपनों को नई दिशा देगा।

विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की है कि हिमानी के सम्मान में एक विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्हें सम्मानित किया जाएगा। हिमानी के राष्ट्रीय चयन की खबर से आरंग क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है और स्थानीय खेल प्रेमियों तथा शिक्षकों ने भी उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं, यह विश्वास व्यक्त करते हुए कि हिमानी जैसी प्रतिभाएँ छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर और अधिक मजबूती से स्थापित करेंगी।

### डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय में एक्यूप्रेशर तकनीकों का हुआ व्यावहारिक प्रदर्शन

# ऊर्जा संतुलन और स्वास्थ्य संवर्धन की कार्यशाला में प्राकृतिक उपचार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

स्थानीय डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक्यूप्रेशर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी, एनएसएस, एनसीसी तथा अमूल्य एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता श्री अतुल साहू ने प्राकृतिक उपचार की इस पद्धति पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अश्विनी महाजन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. महाजन ने वर्तमान की प्रतिस्पर्धी और तनावपूर्ण जीवनशैली में विद्यार्थियों के लिए शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजगता को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने एक्यूप्रेशर जैसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ऊर्जा संतुलन, रोग-निवारण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने इस संयुक्त पहल की सराहना की।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री अतुल साहू ने एक्यूप्रेशर को शरीर की ऊर्जा प्रणाली को संतुलित करने वाली एक वैज्ञानिक और प्रभावी उपचार पद्धति के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने एक्यूप्रेशर की मूल अवधारणाओं, प्रमुख प्रेशर पॉइंट्स और दैनिक जीवन में उनके व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। श्री साहू ने मंच से प्रत्यक्ष प्रदर्शन करते हुए तनाव प्रबंधन, सिरदर्द, पीठदर्द, मानसिक शांति और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने से संबंधित विभिन्न प्रेशर पॉइंट्स को दर्शाया। उन्होंने जीवनशैली और आहार में सकारात्मक सुधार के लिए भी उपयोगी सुझाव साझा किए। विद्यार्थियों के लिए आयोजित




प्रश्नोत्तरी सत्र ने पूरे कार्यक्रम को काफी रोचक और सहभागितापूर्ण बना दिया।

### सुरक्षित, प्राकृतिक और किफायती उपचार

रेड क्रॉस सोसाइटी की संयोजक डॉ. अल्पना देशपांडे ने कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक्यूप्रेशर एक सुरक्षित, प्राकृतिक और किफायती उपचार पद्धति है, जो दर्द, तनाव, अनिद्रा और पाचन संबंधी समस्याओं में प्रभावी राहत प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी विद्यार्थियों को निरंतर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और एक्यूप्रेशर तकनीकों का प्रत्यक्ष अभ्यास किया। प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी और स्वास्थ्य संवर्धन की दृष्टि से लाभकारी बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता सराफ ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. श्रीकांत प्रधान द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक वरिष्ठ प्राध्यापक और अमूल्य एकेडमी के थेरेपिस्ट भी उपस्थित रहे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

**दिनांक 12/12/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्यनारायण द्विवेदी पिता/पति खेदूप्रसाद निवासी बेन्दरी की ग्राम बेन्दरी प.ह.नं. 30 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 145/1 रकबा 0.4860 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/वाचक/तह./2025 आदेश दिनांक 03/12/2025 के परिपालन में दिनांक 06/01/2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 30 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

## खबर संक्षेप



### डॉ. महंत को डॉ. रेणु ने दी जन्मदिन की बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत के जन्मदिन पर पूर्व विधायक डॉ. रेणु जोगी ने उन्हें शिष्टाचार भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. जोगी ने अपने शुभकामना संदेश में डॉ. महंत के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने डॉ. महंत द्वारा जनहित में किए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। इस मौके पर दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच आपसी सौहार्द्र एवं राजनीतिक शिष्टाचार का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। डॉ. महंत ने भी डॉ. जोगी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसानों के लिए तुंहर टोकन ऐप अब 24 घंटे उपलब्ध

**रायपुर।** प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तुंहर टोकन ऐप को अब 24×7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है।

### महाराजबंध तालाब से निकाले विसर्जित प्रतिमाओं के अवशेष



**रायपुर।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का स्वच्छता अभियान तीसरे दिन भी पूरे जोश और ऊर्जा के साथ जारी रहा। संस्था के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शनिवार सुबह 7.30 बजे से ही संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में तालाब पहुंचे और श्रमदान करते हुए तालाब में जमा प्लास्टिक, पॉलीथिन, जलकुंभी तथा विसर्जन सामग्री बाहर निकाली। कई झांकियों के ढांचे और भारी मात्रा में कचरा तालाब से निकाला गया। अभियान को देखते हुए नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर विनोद पांडेय स्थल पर पहुंचे और अपनी टीम के साथ सफाई कार्य में सहयोग दिया। उनकी पहल पर घाट से जेसीबी मशीन से मलबा निकाला गया। उन्होंने ग्रीन आर्मी की इस पहल की सराहना करते हुए निगम की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा समेत बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी-सदस्य एवं वार्ड के रहवासी सफाई अभियान में शामिल हुए।

### डॉ. निरुपमा को घाना से मिली पीएचडी की मानद उपाधि

**रायपुर।** मनोविज्ञान के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए डॉ. निरुपमा परिहार को ग्लोबल समिट दिल्ली में वेबिक विश्व विद्यालय घाना द्वारा मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। वे मनोस्वास्थ्य चिकित्सक डॉ. डोगेंद्र परिहार की पत्नी और छग राज्य निर्माण भागीरथी समाजसेवी डॉ. उदयभान सिंह चौहान की सुपुत्री हैं।



# जनता की आस्था ही सरकार की सबसे बड़ी शक्ति, दो वर्ष की सेवा यात्रा जनता को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने अपने दो साल पूरे कर लिए हैं। इन दो सालों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का कामकाज अच्छा रहा है। सरकार के दो साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने कार्यकाल और अनुभव को सोशल मीडिया के जरिए साझा किया है। सीएम साय ने अपने संदेश में लिखा, प्रिय छत्तीसगढ़वासी भाइयों और बहनों, जय जोहार, आज जब मैं सेवायात्रा के दो वर्ष पूरे कर रहा हूं, तो मन अपार भावनाओं से भर गया है। यह दो वर्ष मेरे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्ष रहे, क्योंकि यह समय केवल शासन का नहीं, सेवा और समर्पण का था। आपके साथ चलने का, आपकी मुस्कान में अपने दायित्व का प्रतिबिंब देखने का अवसर मिला। इन दो वर्षों में हमने छत्तीसगढ़ के हर कोने में विकास का दीप जलाने की कोशिश की है। हमने किसानों की मेहनत को सम्मान देने के लिए सुविधाएं बढ़ाईं, जिससे उनकी उपज का पूरा मूल्य समय पर मिल सके।

## छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो साल पूरे, सीएम साय ने दिया जनता को संदेश

### छत्तीसगढ़ विश्वास और स्थिरता के एक नए अध्याय की ओर बढ़ रहा

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रशासन और लोगों के बीच जो दूरी कभी रही, वह अब सहभागिता में बदल रही है। मुझे गर्व है कि छत्तीसगढ़ आज विश्वास और स्थिरता के एक नए अध्याय की ओर बढ़ रहा है। भविष्य के लिए हमारी प्रतिबद्धता और भी सशक्त है। आने वाले वर्षों में हम शिक्षा, रोजगार, कृषि और ग्रामीण विकास पर और तीव्र गति से काम करेंगे। हमारा लक्ष्य है ऐसा छत्तीसगढ़, जो आत्मनिर्भर हो, जहां हर युवा को अवसर मिले, किसान को गर्व हो और हर नागरिक को यह विश्वास हो कि उसका शासन उसके साथ खड़ा है।



### आपकी आस्था ही हमारी शक्ति

उन्होंने कहा, प्रिय जनों, यह यात्रा अभी लंबी है और मंजिल बड़ी। मैं आप सबसे यही अपेक्षा करता हूं कि इस विकास यात्रा में अपने सुझावों, अपने परिश्रम और अपने विश्वास से हमारा मार्ग रोशन करते रहें। आपकी आस्था ही हमारी शक्ति है, और आपका सहयोग ही छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य की गारंटी।

### डिप्टी सीएम साव ने भी दी शुभकामनाएं

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व म बने हुए सरकार के 2 साल पूरा होवत हे, मैं आप सब झन ला गाड़ा-गाड़ा बधाई अउ सुभकामना देवत हंव।

### शासन अब जनता के द्वार पर

युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नई भर्तियां, प्रशिक्षण और औद्योगिक अवसरों के द्वार खोले गए। आदिवासी अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों का ऐसा जाल बिछाया गया, जिससे विकास की रोशनी उन इलाकों तक पहुंचे जहां पहले उम्मीदें धुंधली थीं। हमारी बहनों के लिए सुरक्षा और सम्मान की दिशा में नए कदम उठाए गए, ताकि हर घर में आत्मविश्वास और स्वावलंबन का वातावरण बने। इन सभी प्रयासों के बीच सबसे बड़ा परिवर्तन यह हुआ कि शासन अब जनता के द्वार पर है।

## पहली सूची के अप्रैल में आने के बाद से ही दूसरी सूची का हो रहा है इंतजार

# भाजपा नेताओं को अब निगम, मंडल में नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के भाजपा नेताओं को निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में अब नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना है। पहली सूची इस साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी। पहले संभावना जताई जा रही थी कि दूसरी सूची भी जल्द आएगी, लेकिन सूची के लिए इंतजार लंबा होता गया और चैत्र नवरात्रि में दूसरी सूची आने की बात सामने आई। अब तो नवरात्रि क्या दीपावली भी निकल गई पर अब तक दूसरी सूची नहीं आई है। वैसे दूसरी सूची के ज्यादातर पदों के लिए नामों पर मंथन हो गया है और राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा भी हो गई है, लेकिन सूची जारी कब होगी, यह किसी को मालूम नहीं है। अब यह संभावना जताई जा रही है जो होगा नए साल में ही होगा।

प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। इधर भाजपा के प्रदेश संगठन का विस्तार भी चल रहा है। ऐसे में कई नेताओं को यहां भी पद मिल रहे हैं। संगठन का विस्तार इस माह के अंत तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद ही नए साल में निगम, मंडल, आयोग की कुर्सी बंटेगी।



### संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी बाकी

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री श्री साय के विदेश प्रवास पर जाने से पहले अगस्त में विस्तार हो चुका है। प्रदेश सरकार ने तीन नए मंत्री बनाए हैं। मंत्रिमंडल में जिनको स्थान नहीं मिल सका है, उन नए विधायकों की नजरें अब संसदीय सचिवों के पदों पर हैं। इनकी नियुक्ति भी अब नए साल में ही होने की संभावना है।

### 8 माह बाद सदस्यों की नियुक्ति भी नहीं

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें नियुक्ति के लिए भी आठ माह से इंतजार हो रहा है, लेकिन इसमें भी नियुक्ति नहीं हो सकी है।

# एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

- कहा-किसी भी प्रकार की दिक्कत-परेशानी होने पर तत्काल अधिकारियों को कराएं अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संशोधित कार्यक्रम की जानकारी ली और इसकी प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि इस पुनरीक्षण प्रक्रिया में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। एसआईआर प्रक्रिया में कहीं कोई दिक्कत या परेशानी होने पर तत्काल जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि निराकरण किया जा सके। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के रोल आर्ब्जवर एवं भारत सरकार के संयुक्त सचिव बृजमोहन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों को सभी प्रकार की जानकारी एवं सूचनाएं दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि जिसका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए वो जरूर हो और जिनका नहीं होना चाहिये वो न हो। उन्होंने कहा कि एसआईआर में वास्तविक मतदाता को चिन्हित किया जा रहा है तथा शिफ्टिंग संबंधी आवश्यक कार्य गणना अवधि के बाद प्रारंभ हो जायेगा। जिन मतदाताओं के नाम दो मतदान केन्द्र में हैं, उनका एक स्थान से नाम हटा दिया जाएगा। जिन मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त बीएलओ की आवश्यकता होगी, वहां अतिरिक्त कर्मचारी भेजे जाएंगे।

### इन नंबरों पर संपर्क करें

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रायपुर के चारों विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए गए हैं। इनमें पश्चिम विधानसभा के लिए 9977222564, उत्तर विधानसभा 9977222584, दक्षिण विधानसभा 9977222574 तथा ग्रामीण विधानसभा 9977222594 मोबाइल नंबर पर जानकारी दी जा सकती है। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और एसआईआर से जुड़े वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# सत्ता के नाम सट्टा खिलाने वालों के समय विकास अवकाश पर था : ठोकने





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा, कांग्रेस शासनकाल में सत्ता के नाम सट्टा खिलाने वालों के समय विकास अवकाश पर था। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो वर्ष के उपलब्धिपूर्ण कार्यकाल से कांग्रेस परेशान हो गई है।

श्री ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के जड़ से सफाए से लेकर सर्वतोमुखी विकास और लोक कल्याण के कार्यों व योजनाओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के उन संकल्पों की सिद्धि की प्रामाणिकता को स्थापित किया है, जो मोदी की गारंटी के तहत भाजपा ने व्यक्त किए थे। श्री ठोकने ने कहा, कांग्रेस खेमे में पसरा सन्नाटा यह बताने के लिए पर्याप्त है कि कांग्रेस ने भी यह मान लिया है कि विकास, जनकल्याण और योजनाओं के लिहाज से प्रदेश की भाजपा सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक उपलब्धियों का दस्तावेज है और कांग्रेस इस सरकार के कामकाज को लेकर मिथ्या प्रलाप करने की स्थिति में रह ही नहीं गई है। श्री ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ में 36 खेमों में बंटी कांग्रेस मुद्दों और नेतृत्व के संकट से गुजर रही है और कांग्रेस रूपी नाव को छत्तीस पतवारों से अपने-अपने हिसाब से सभी नेता चला रहे हैं। हालत इतनी दयनीय हो गए है कि कांग्रेस के नेता एसआईआर को भी गंभीरता से नहीं ले पा रहे हैं। कांग्रेस अब तक अपने बीएलए-1और बीएलए- 2 भी पूरी तरह तैनात नहीं कर पाई है।

# स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी मुफ्त में चेक की जाए

## उपभोक्ताओं की शिकायत पर कांग्रेस ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, बिजली बिल सरकार प्रायोजित लूट का उदाहरण है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है। स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सकें।



चेक मीटर का प्रावधान पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया है। यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए। किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है।

यह प्रावधान सरकार ने गड़बड़ी छिपाने के लिए की है। शुल्क का प्रावधान तत्काल वापस ले सरकार। उन्होंने कहा, 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दी कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे हैं। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एफपीपीएस) के रूप में अतिरिक्त चार्ज लगाने जा रही, इससे बिजली के दाम एक बार फिर से बढ़ेंगे। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है।

## मुख्यमंत्री साय करेंगे उद्घाटन

# आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 से मेगा हेल्थ कैंप

## दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर देंगे सेवा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 दिसंबर से पांच दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सेवाएं देंगे।

रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्घाटन 18 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। मेगा हेल्थ कैंप में विनय मित्र मंडल के माध्यम से दिव्यांगों को कृत्रिम जयपुर पैर, हाथ कटे दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ बनाकर दिए जाएंगे, साथ ही श्रवण यंत्र, ट्राइसिकल, वैशाखी भी प्रदान की जाएगी। राजेश मूणत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया किमेगा हेल्थ कैंप में कैंसर, हृदय रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, बांझपन उपचार, आयुर्वेद और अन्य विधाओं से जुड़े डॉक्टरों की टीम निःशुल्क जांच, परामर्श, उपचार और दवाइयों का वितरण करेगी।

कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत केरकर और डॉ. आयुषी गोयल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मयूर जैन और डॉ. रमेश कवाड़ समेत देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हसके, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता प्रफुल्ल विश्वकर्मा, रमेश सिंह ठाकुर, छगन मूंदड़ा, शिविर के कोआर्डिनेटरर शैलेश खंडेलवाल उपस्थित रहे।

## बैज बोले– घुसपैठिए के नाम पर काटे जा रहे विपक्षियों के वोटर

# वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली आज दिल्ली में, छत्तीसगढ़ से 5 हजार कांग्रेसी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली में कल कांग्रेस वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली निकालेगी, जिसमें शामिल होने पीसीसी चीफ दीपक बैज दिल्ली रवाना हुए। उन्होंने एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, 14 दिसंबर को रामलीला मैदान पर रैली होगी। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया और प्रियंका गांधी समेत देशभर से तमाम बड़े नेता शामिल होंगे।



एसआईआर के विरोध में छत्तीसगढ़ से 5 हजार कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। एसआईआर पर बीजेपी के आरोप पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, घुसपैठिए कहां से आए, कैसे आए, पहले यह बताएं। केंद्र में बीजेपी की सरकार है, फिर घुसपैठिए कैसे आए। जहां-जहां चुनाव वहां घुसपैठिए के नाम पर नौटंकी की जा रही। बिहार में घुसपैठिए खत्म हो गए, अब असम बंगाल में रहेंगे। घुसपैठियों के नाम पर विपक्षियों के वोटर्स के नाम काटे जा रहे। गुलाब कमरो का नाम महेंद्रगढ़ से काटकर रायगढ़ में जोड़ दिए। बिलासपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष का नाम भिलाई में जोड़ रहे। यह सब साजिश है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बयान पर दीपक बैज ने जवाब देते हुए कहा, कांग्रेस खून पसीने से सींची हुई पार्टी है। कांग्रेस चुनाव में हार या प्रताड़ना से नहीं डरती।

## भाजपा सरकार 2 साल में ही अलोकप्रिय हो गई, प्रदेश के हर वर्ग को किया निराश

साय सरकार ने अपने 2 साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खो दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार के खिलाफ चौतरफा आक्रोश है। मोदी की गारंटी के नाम पर जनता का मत हासिल किया। 2 साल में एक भी मोदी की गारंटी पूरी नहीं की। सरकार से प्रदेश का हर वर्ग नाराज है। किसान और युवा नाराज हैं, सरकारी भर्तियां बंद हैं, जो भर्तियां हुई हैं, उसमें भ्रष्टाचार किया गया। आदिवासियों, किसानों की जमीनें जबरिया उद्योगों और खदानों के लिये अधिग्रहित की जा रही हैं। महिलाएं निराश हैं, महतारी वंदन के नाम पर उनसे धोखा किया गया। बिजली के दाम बढ़ाने, भूमि की गाइडलाइन के रेट बढ़ाने 5 डिसमिल से कम जमीनों की रजिस्ट्री बंद करने से जनता नाराज है। कोई ऐसा वर्ग नहीं जो सरकार के 2 साल के कार्यकाल से खुश हो। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया। 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो, कुटकी, रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।



कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

दिनांक 12/12/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्यनारायण द्विवेदी पिता/पति खेदूप्रसाद निवासी बेन्दरी की ग्राम बेन्दरी प.ह.नं. 30 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 145/1 रकबा 0.4860 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/वाचक/तह./2025 आदेश दिनांक 03/12/2025 के परिपालन में दिनांक 06/01/2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 30 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

## खबर संक्षेप



### सुंदरकांड पाठ का आयोजन भंडारा प्रसाद किया ग्रहण

**रायपुर।** श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर रामगढ़ में सुंदरकांड पाठ और भंडारा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समृद्धि शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु ने सुंदरकांड पाठ का आनंद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इसी दौरान समृद्धि शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि सुंदरकांड पाठ का आयोजन विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और व्यक्तिगत अवसरों पर किया जाता है, जैसे मंदिर स्थापना दिवस, हनुमान जयंती या घर में सुख-शांति के लिए, जिसमें संगीतमय पाठ, भजन, आरती और प्रसाद वितरण होता है।

### वृंदावन हॉल में पेंशनर्स दिवस 17 दिसंबर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 17 दिसंबर को पेंशनर्स दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर 80 बसंत पार करने वाले वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही पेंशनर्स दिवस एवं पेंशनरों की कठिनाईयों एवं पेंशनर्स दिवस के संबंध में विभिन्न विद्वानों द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। यह जानकारी समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने देते हुए बताया कि 8वां वेतनमान के संबंध में प्रधानमंत्री को प्रेषित करने के लिए आवेदन निर्धारित प्रारूप में दिया जाएगा।

## निधन

### रामनैनी बाई अग्रवाल

**रायपुर।** गुढ़ियारी डीडीयू नगर एलआईजी-11 सेक्टर-2 निवासी रामनैनी बाई अग्रवाल का 13 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे हरिकिशन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल एवं स्व. किशोर अग्रवाल की माता थीं।

# साल की अंतिम लोक अदालत में 10 लाख से ज्यादा लंबित प्रकरणों का निराकरण

## पक्षकारों को मिली 63 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साल की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को रायपुर जिला न्यायालय परिसर में किया गया। साल की अंतिम लोक अदालत में 10 लाख नौ हजार 418 प्रकरणों का निपटारा किया गया। जिन प्रकरणों का निपटारा किया गया, उनमें 8 लाख 12 हजार 991 प्रकरण राजस्व न्यायालय के थे। लोक अदालत में शामिल होने आने वाले ग्रामीणों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तेलीबांधा स्थित गुरुद्वारा धन धन बाबा साहिब जी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई थी। लोक अदालत में पक्षकारों को 63 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि मिली।

### 14 साल पुराने संपत्ति विवाद का निपटारा

प्रधान एवं जिला न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा तथा शैलेश शर्मा तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की समझाइश पर 14 वर्षों से दो परिवारों का अलगाव एक पल में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलझ गया। दो भाइयों के बीच वर्ष 2011 से पैतृक संपत्ति का विवाद चल रहा था, जिसके संबंध में निष्पादन आवेदन प्रस्तुत किया गया था। दोनों न्यायाधीश ने दोनों पक्ष को लोक अदालत में राजीनामा करने के महत्व को समझाया। इसके लिए न्यायालयीन अधिकारी छह माह से दोनों पक्ष के मध्य काउंसिलिंग की कार्यवाही कर रहे थे। दोनों पक्षों ने अपने विवाद को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए सहमत होकर नेशनल लोक अदालत के समक्ष राजीनामा आवेदन प्रस्तुत किया और दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि वसूल किये जाने योग्य 20 लाख रुपए की राशि छोटा भाई अपने मृत बड़े भाई की पत्नी एवं उनके बच्चों से वसूल नहीं करेगा तथा दोनों पक्ष अब अपने-अपने हिस्से पर बने रहेंगे और उनके हिस्से में जो किराएदार रहते हैं, उनसे वे किराया प्राप्त करते रहेंगे।



### इन प्रकरणों के इतने मामलों का निराकरण

- राजस्व न्यायालय - 812991
- कुटुंब न्यायालय - 99
- न्यायालय में लंबितत प्रकरण का निराकरण लगभग- 32944
- प्री-लिटिगेशन एवं नगर निगम से मामले 90413
- जनोउपयोगी सेवाओं से संबंधित प्रकरण 589
- मोहल्ला लोक अदालत 11839
- कॉमर्शियल कोर्ट- 04
- नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को मिली कुल राशि -634746991

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधीर कुमार तथा अन्य न्यायाधीशों ने नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों के आपसी सुलह समझौता से निराकरण किया गया। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये गये। इस बार की लोक अदालत भी हाईब्रिड तरीके से आयोजित की गयी, जिसमें पक्षकारों ने भौतिक उपस्थिति के साथ-साथ वर्चुअल या ऑनलाइन के माध्यम से भी राजीनामा किया।

## 23 करोड़ खर्च होंगे, दलदल सिवनी में 500 सीटर हाईटेक लाइब्रेरी बनेगी

# साइंस कालेज चौपाटी वाली जगह पर एक हजार सीटर लाइब्रेरी, एजेंसी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी सहित आउटर के इलाके में रहने वाले युवाओं के लिए एक राहत भरी खबर है। उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में तैयारी और शोध तथा अध्ययन कार्य के लिए 2 स्थानों पर हाईटेक लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। राजधानी के जीई रोड स्थित साइंस कालेज चौपाटी वाली जगह पर नालंदा पार्ट 2 के नाम से लाइब्रेरी बनाई जाएगी इसकी ड्राइंग डिजाइन तैयार है। यह लाइब्रेरी 1 हजार सीटर क्षमता की होगी। लाइब्रेरी निर्माण के लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय कर ली गई है।

दीपक पांडे को साइंस कालेज खेल मैदान के पास नई लाइब्रेरी बनाने का जिम्मा दिया गया है। 18 माह की समय अवधि अनुबंधित एजेंसी को कार्य पूरा करने के लिए दी गई है। इसी तरह दलदल सिवनी क्षेत्र में 500 सीटर हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की गई है।

महापौर मीनल चौबे द्वारा निगम बजट में युवाओं के लिए 2 स्थानों पर सर्व सुविधा युक्त लाईब्रेरी बनाने का प्रावधान किया गया। इसके तहत जीई रोड स्थित साइंस कालेज चौपाटी वाली 2.5 एकड़ जगह पर नालंदा पार्ट 2 के नाम से लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसमें 23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पेवेलियन शेप वाली इसकी ड्राइंग डिजाइन बनाई गई है। यह लाईब्रेरी 1 हजार सीटर होने के साथ ही जी प्लस 2 के रूप में रहेगी।

नगरीय प्रशासन संचालनालय को इसके निर्माण के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। नालंदा पार्ट 1 की तर्ज पर पार्ट 2 लाईब्रेरी विद्यार्थियों के लिए 24 घंटे खुली रहेगी। 1200 पुस्तकों को रखने के लिए अलग से जगह बनाई जाएगी। साथ ही ऐसे युवा जो कंप्यूटर पर अपना कोई प्रोजेक्ट लेकर कार्य करना चाहते हैं,उनके लिए को वर्किंग स्पेस की सुविधा रहेगी। परिसर में अलग-अलग खेलकूद के लिए स्पोर्ट्स जोन भी रहेगा, जिसमें पढ़ाई के साथ फिटनेस के लिए युवा अपने पसंद के खेल का आनंद भी उठा सकेंगे।




**नालंदा पार्ट 2 की खास बातें**

- 1000 सीटर लाइब्रेरी की क्षमता
- कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी संचालन
- को-वर्किंग स्पेस नीचे कांफ्रेंस हॉल रहेगा
- स्टूडेंट के लिए अलग से स्पोर्ट्स जोन
- रिफ्रेसमेंट के लिए नीचे कैफेटेरिया की सुविधा
- पार्किंग के लिए अलग से रहेगा स्पेस
- जी प्लस -2 रीडिंग रूम-सह ई लाईब्रेरी
- दलदल सिवनी क्षेत्र में बनेगी 500 सीटर लाइब्रेरी

### दलदल सिवनी में भी बनेगी 500 सीटर लाइब्रेरी



नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी इलाके में युवाओं के लिए 500 सीटर सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी बनाई जाएगी। 11 करोड़ की लागत से बनने वाली लाइब्रेरी निर्माण के लिए संचालनालय नगरीय प्रशासन ने ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय कर ली है इस लाइब्रेरी के निर्माण से शहर के मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी सहित आसपास के युवाओं को अपने कॅरियर निर्माण और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म मिलने लगेगा। अधोसंरचना मद राज्य शासन ने इसके लिए राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

# सुबह धुंध की आगोश में शहर, ऊपर खिसक रहा पारा, पर ठंड पर असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शीतलहर के दौर में आएगी थोड़ी कमी

हवा की दिशा में मामूली बदलाव होने की वजह से न्यूनतम तापमान नीचे के बजाए ऊपर की ओर खिसका है। 48 घंटे में शीतलहर के दौर में कमी आएगी पर इसका ज्यादा असर ठंड पर नहीं होगा। अभी रायपुर समेत तमाम शहरों का न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे है और ठंड का असर अच्छा-खासा है। अभी रायपुर और बिलासपुर को छोड़कर बाकी शहरों का तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे है। रात को जोरदार ठंड के बाद सुबह-सुबह खुले इलाके में धुंध का प्रभाव है जो धूप निकलने के काफी देर बाद छंट रहा है।

इस बार राज्य में ठंड कुछ ज्यादा ही असर दिखा रही है। नवंबर के महीने से शुरू हुई ठंड दिसंबर को भी प्रभावित कर चुकी है। रायपुर समेत प्रदेश का हर इलाका अभी ठंड से कांप रहा है। खासकर सरगुजा संभाग के सीमावर्ती इलाकों में तो ठंड की वजह से जनजीवन प्रभावित है। बिलासपुर और रायपुर में भी ठंड का प्रभाव अधिक है और उनके बाहरी इलाकों में तो शीतलहर के हालात बने हुए हैं। दुर्ग के कई इलाकों में तापमान सामान्य से 6 डिग्री कम होने की वजह से वहां भी लोग कांप रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान थोड़ा ऊपर खिसका, मगर इसका ठंड पर कोई ज्यादा असर नहीं हुआ। संभावना है कि अगले दो दिन में राज्य में शीतलहर के क्षेत्र में कमी आएगी, मगर सर्द मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा। इधर सुबह-सुबह छाने वाली धुंध की वजह से कई इलाकों में दृश्यता कम हो रही है। देर रात के बाद भोर होने तक बाहरी इलाकों में वाहनों की गति सीमित रखने के निर्देश हैं।



### कोहरे से निपटने एयरपोर्ट पर रिहर्सल

शनिवार को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर प्रबंधन एवं सुरक्षा एजेंसियों ने कोहरे से निपटने की तैयारियों का पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान सभी जिम्मेदारों को ऐसी स्थिति में उनकी प्रमुख भूमिकाओं के बारे में बताया गया। ठंड के मौसम में अचानक होने वाले बदलाव और छाने वाले कोहरे की वजह से विमानों की आवाजाही प्रभावित होती है। इसे ध्यान में रखते हुए विमानतल प्रबंधन ने अपनी तैयारी पूरी की।


## बिजनेस साइट

### ग्राहकों के भरोसे के साथ 'कार श्रृंगार' ने पूरे किए 33 साल




**रायपुर।** राजकुमार कॉलेज के सामने, जीई रोड, जीत टॉवर स्थित कार श्रृंगार ने ग्राहकों के अटूट विश्वास और उत्कृष्ट सेवा के बल पर अपने 33 सफल वर्ष पूरे कर 34वें वर्ष में प्रवेश किया है। वर्ष 1992 में स्थापित कार श्रृंगार ने उस दौर में कार एसेसरीज के क्षेत्र में कदम रखा, जब यह बाजार लगभग अस्तित्व में नहीं था।

कार श्रृंगार के निदेशक त्रिलोचन सिंह बताते हैं कि 'कार श्रृंगार' नाम केवल पुर्जों का नहीं, बल्कि आपकी यात्रा को स्टाइल, आराम, सुगम और सुरक्षा देने का प्रतीक है। स्थापना से लेकर आज तक संस्था ने निरंतर प्रगति की है और लाखों ग्राहकों को संतुष्ट किया है। यहां हैचबैक से लेकर एसयूवी तक हर प्रकार की गाड़ियों के लिए सभी तरह की एसेसरीज उपलब्ध हैं। गुणवत्ता आश्वासन, फुल-सर्विस अप्रोच और सही ग्राहक मार्गदर्शन और व्यवहार इसकी पहचान है। सीट कवर, फ्लोर मैट्स, एलईडी हेडलाइट्स, एलॉय रिम्स और आधुनिक इंफोटेनमेंट सिस्टम्स जैसी सुविधाओं के साथ कार श्रृंगार आज भी उत्कृष्ट सेवा की मिसाल बना हुआ है।

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इंडियन ओवरसीज बैंक की तीन नई शाखाओं का किया उद्घाटन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इंडियन ओवरसीज बैंक की तीन नई शाखाओं- नवा रायपुर (अटल नगर), समलवार (दंतेवाड़ा) एवं मोवा (रायपुर) का भव्य उद्घाटन किया। नवा रायपुर एवं मोवा शाखा का उद्घाटन रिबन काटकर तथा समलवार शाखा का शुभारंभ ऑनलाइन रिमोट का बटन दबाकर किया गया। इस अवसर पर आईओबी के एमडी एवं सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने आईओबी की सराहना करते हुए कहा कि यह पहला बैंक है, जिसने जगरगुंडा और समलवार जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शाखा खोलकर आम जनता तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य एवं जिला प्रशासन बैंक के विस्तार और व्यापार वृद्धि में हरसंभव सहयोग करेगा।

आईओबी के एमडी एवं सीईओ श्री श्रीवास्तव ने बताया कि अगले वित्त वर्ष तक रायपुर क्षेत्र में बैंक का कारोबार 6500 करोड़ से बढ़ाकर 15000 करोड़ करने का लक्ष्य है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में आईओबी की 54 शाखाएं हैं, जिन्हें बढ़ाकर 66 करने की योजना है। कार्यक्रम में रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक गौरीशंकर नायक सहित बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सिपेट रायपुर में बीसीसीएल प्रायोजित कौशल प्रशिक्षण का समापन



**रायपुर।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), धनबाद की सीएसआर योजना के तहत आयोजित चार माह के मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक्स एक्सट्रूजन कौशल प्रशिक्षण का समापन समारोह 13 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बीसीसीएल की वरिष्ठ प्रबंधक निलंजना चक्रवर्ती, सहायक प्रबंधक शमरेज अली तथा सिपेट रायपुर के प्रबंधक (त) एन. रविंद्र रेड्डी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी गई। वक्ताओं ने कौशल विकास को देश की औद्योगिक प्रगति का आधार बताते हुए प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चयनित प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र के साथ अहमदाबाद और पुणे स्थित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में रोजगार प्रस्ताव पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।


# शंकर नगर मार्ग पर नाली पर बने 15 पाटों को तोड़कर की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन 3 अमले ने जेसीबी मशीन बुलाकर नाली पर बने पाटों को तोड़ा

नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के शंकरनगर मार्ग पर खाना खजाना, इंदिरा फ्लावर्स, अंजार फ्यूल्स दुकानों के सामने नाली पर बनाए गए पाटों को नगर निगम ने तोड़कर नाली सफाई करवाई। नाली जाम और कचरा साफ नहीं होने की शिकायत लोगों ने जोन कार्यालय में की थी।

इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने जोन के स्वास्थ्य अमले को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा। इस दौरान जन शिकायत सही मिली। शहर में नाली के ऊपर पाटा बनाए जाने के कारण नाली की सफाई प्रभावित हो रही है। इसी तरह की समस्या शंकरनगर मार्ग में दुकानों के सामने नाली पर पाटा बनाने के कारण सामने आसपास के लोगों ने नाली सफाई कार्य बाधित होने की शिकायत जोन 3 में की। निगम अमले ने जेसीबी मशीन बुलवाकर 15 दुकानों के सामने नाली पर निर्मित पाटों को तोड़कर नाली की सफाई करवाई। नाली से गंदगी बाहर निकलवाकर निकास व्यवस्था सुगम बनाकर जन शिकायत दूर की गई।

# एक क्लिक पर निगम दुकानों की कुंडली बताने की योजना धड़ाम

## 1400 दुकानों का डाटा अब भी अपडेट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नगर निगम की शहर में 19 लोकेशन पर 4 हजार दुकानें

रायपुर शहर में निगम की 4 हजार दुकानों का डाटा अपडेट कर ऑनलाइन करने की योजना फिस्स हो गई है। केवल 2600 दुकानों का ब्योरा ऑनलाइन हो पाया, जबकि 1400 दुकानों का डाटा अपडेट करने का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। मकसद ये था कि शहरवासियों को प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर घर बैठे नगर निगम के दुकान किराया भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती। इसका फायदा ये होता कि आवंटिति को दुकान की पुरानी रसीद संभालने की झंझट नहीं रहती और उसे निगम मुख्यालय और जोन दफ्तर आने-जाने के समय की भी बचत होती।

नगर निगम की 4 हजार दुकानों का ब्योरा फाइलों से बाहर निकलकर ऑनलाइन करने की योजना विभागीय उदासीनता के कारण पूरी नहीं हो पाई है। रायपुर शहर में 19 अलग-अलग लोकेशन पर स्थित 4 हजार दुकानों में से शुरुआती दौर में 2600 दुकानों के डाटा की ऑनलाइन एंट्री का काम पूरा हुआ, पर 5 माह बीतने के बाद भी बाकी के 1400 दुकानों की डाटा एंट्री का काम ठप पड़ा है। इससे निगम के लाइसेंसी दुकानदार, लीज होल्डर और मुख्यमंत्री स्वावलंबी योजना के आवंटितियों को घर बैठे दुकानों का किराया भुगतान करने की सुविधा प्रभावित होगी।

### एक नजर शहर में निगम की दुकानों पर

बाजार क्षेत्र का नाम — निर्मित दुकानों की संख्या

गांधी बाजार अ 381 , गांधी बाजार ब 587, मटन मार्केट 50, शास्त्री बाजार चप्पल लाइन 250 नवनिर्मित बाजार 323, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना 984,गंज एरिया 378,गंज कोठा 34आजाद मार्केट 18, ग्रेन गंज नवनिर्मित 13, ओपन प्लॉट 16,निवेदिता स्कूल परिसर 12, शहर एरिया - 135, नवीनबाजार हॉल 43, पुराना बसस्टैंड, 21 मिलेनियम प्लाजा परिसर, 156 शास्त्री बाजार चौक 281,शहीद स्मारक रजबंधा - 151 , तेलीबांधा सुभाष चंद्र बोस मूर्ति के पास 7, आरडी तिवारी स्कूल - 6 कालीबाड़ी चौक- 6 अश्वनी नगर - 5, डगनिया बाजार चौक- 8 जवाहर बाजार - 168, सुभाष स्टेडियम परिसर 21, हॉट बाजार दुकान क्रिस्टल आर्किड के सामने महोबाबाजार 31, अग्रसेन मंगलम के बाजू 86, गांधी मैदान कांजी हाउस 64, कंकालीपारा व्यावसायिक परिसर 26, डूमरतराई 212, जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग हॉल 1

### एक क्लिक पर दुकानों की कुंडली बताने का रहा दावा

निगम प्रशासन ने एक क्लिक पर नगर निगम की दुकानों का ब्योरा ऑनलाइन उपलब्ध कराने का दावा किया, पर अब तक यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी। सूत्रों के मुताबिक निगम का बाजार विभाग का काम जोन से सिमट कर मुख्यालय में केंद्रीयकृत करने की योजना पर काम शुरू हुआ, पर इसकी प्रापर मानिटरिंग नहीं होने से अभी भी पुराने सिस्टम पर काम हो रहा है। यानी बाजार विभाग का मेनुवल रिकार्ड का सिस्टम पेपरलेस होकर ऑनलाइन होने में समय लगेगा।

## पेज 11 के शेष ...

### नेम प्लेट नहीं ....

इसके ट्रैफिक पुलिस नंबर प्लेट में हेर-फेर करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। ट्रैफिक नियम तोड़ने तथा मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ निगरानी करने राजधानी के प्रमुख चौराहों पर आईटीएमएस कैमरे लगाए गए हैं। बावजूद इसके ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई यदा कदा देखने को मिलती है।

*प्लेट में लंकेश से लेकर साहू जी, आदिवासी अराध्य के नाम :* हरिभूमि की टीम ने राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र में जाकर सड़कों पर दौड़ रही गाड़ियों का जायजा लिया, तो दोपहिया वाहनों के साथ चारपहिया वाहनों में जाति सूचक के साथ अन्य नाम की नंबर प्लेट मिली।

दोपहिया में लंकेश, साहू साहब, हिंदू, राधे कृष्ण, राम लिखा होना पाया। कई दोपहिया में गाड़ी का नंबर ही गायब मिला। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों का कहना है विकृत नंबर प्लेट लिखे वाहन मालिकों के खिलाफ उनके द्वारा लगातार कार्रवाई होती रहती है।

### गाड़ियों में नंबर ....

किसी भी प्रकार के नाम, जाति सूचक संबोधन के साथ पदनाम लिखने पर रोक है। नियम के विपरीत नंबर प्लेट लगाने पर दोपहिया, तीनपहिया वाहन पर एक हजार रुपए जुर्माना, कार में दो तथा ट्रक में तीन हजार रुपए जुर्माने का नियम है।

### बैंक से कर्ज लेकर ....

से हम सड़क पर आ गए हैं। छोटे-छोटे व्यापारी 8 दिन की उधारी लेकर पैसा रोलिंग करते थे, हमारी एक गुडविल बनी थी, पर चौपाटी चौपट होने से सड़क पर आ गए। ब्रिज के नीचे जहां दुकानें शिफ्ट कराईं, वहां के एक वाशरूम में नशेड़ियों का डेरा है, दूसरे में जानवर बांधा जा रहा है। नगर निगम वाले कह रहे कि टंकी दुकानदार को लगाना है।

### फ्रिज में रखा सामान ....

कारीगर सहित हमारे परिवार का खर्चा निकलता था। दो साल तक अच्छे से चौपाटी चली। 15 नवंबर 2023 को मैंने दुकान खोली थी, फूड फ्रेस में पिज्जा, चाइनीज फूड, शेक सहित अन्य खाने-पीने की सामग्री मिलती।

हैदर ने हरिभूमि को बताया कि उन्होंने हॉटल मैनेजमेंट का कोर्स किया है। मलेशिया से भी आफर आया था, पर नहीं गया। सोचा अपने शहर में खुद का व्यवसाय कर लूं। सो चौपाटी में दुकान खोल ली। यहां 60 दुकानें संचालित थीं। हम सभी को ग्राहक के लिए ज्यादा मेहनत करने जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि रोड से गुजरने वालों का ध्यान चौपाटी पर ही जाता। एक झटके से चौपाटी ऐसी जगह भेज दी गई, जहां कनेक्टिंग पक्की रोड नहीं है। रायपुर स्मार्ट सिटी वालों ने कहा कि ब्रिज के नीचे गैरेज वालों को दूसरी जगह शिफ्ट करेंगे, पर उसे नहीं हटाया।

### 15 जनवरी तक पीक ....

हैं, इसमें 4 वर्कर, 2 काम करने वाले और एक अन्य। 21 दिन से दुकान बंद है, स्टाफ को इस उम्मीद से पगार दे रहे हैं कि दुकान खुलेगी, तो कर्मचारी कम से कम इधर-उधर नहीं जाएगा। शनिवार को चौपाटी हटाई गई, दो दिन सरकारी छुट्टी को देखते हुए डबल मॉल लेकर रखे थे, वह माल खराब हो गया। चाईनीस फूड वैक्सीन नाम से खुद की दुकान है। भुक्त भोगियों की व्यथा ये है कि छोटे व मध्य वर्ग के दुकानदार राजनीतिक लड़ाई में पिसकर रह गए। ब्रिज के नीचे पानी, बिजली और रोड की सुविधा जल्द उपलब्ध कराई जाए।

### मजदूरी के बहाने रेकी ....

पकड़े जाने पर पूछताछ करने के बाद चोरों ने गोंदवारा स्थित एक अन्य मोबाइल दुकान में चोरी करने का अपराध कबूल किया।

*ट्रक से करते थे आना-जाना :* पुलिस को चकमा देने तथा पकड़े जाने से बचने दोनों शातिर ट्रक से आना-जाना करते थे। मजदूरी करने के दौरान शातिर ट्रक ड्राइवरों से पहचान बढ़ाकर चोरी का माल खपाने ट्रक से आवाजाही करते थे। पुलिस ने जिन दो शातिर भगतराम तथा मुशीर को गिरफ्तार किया है, दोनों पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं।

### दावा 100 प्रतिशत ....

जमा नहीं किए हैं। इसके कारण उनकी एंट्री भी नहीं हुई है। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि जितने फार्म जमा हुए हैं, उनकी शत प्रतिशत एंट्री हो गई है।

*केस :3* - रायपुर पश्चिम क्षेत्र की एक बीएलओ ने बताया कि उसके मतदान केंद्र अंतर्गत कुल 1543 मतदाता हैं। इनमें से कई मतदाताओं ने अपना मतदान केंद्र को दूसरे मतदान केंद्र में शिफ्ट कर चुके हैं, वहीं कुछ की मृत्यु, तो कई लोगों ने ठिकाना बदल दिए हैं। इसके कारण शत प्रतिशत फार्म बंट नहीं पाए हैं। जो बांटे गए हैं, उनमें भी अभी तक 850 ने ही जमा कराया है, जिसकी एंट्री हो गई है। शेष लोग भी फार्म धीरे-धीरे जमा कराने पहुंच रहे हैं।

*केसः4*- रायपुर ग्रामीण क्षेत्र की एक बीएलओ ने बताया कि उनके मतदान केंद्र में 1074 मतदाता हैं, जिनमें करीब 200 मतदाता न फार्म लेने आए और न ही वे अपने पुराने पते पर रहते हैं। अभी तक 750 फार्म जमा हुए हैं, जिनकी एंट्री हो गई है।

### आंबेडकर अस्पताल में यूनिट की स्थापना, स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

# क्लिनिकल फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सीकोलॉजी यूनिट खुला, डीएनए टेस्ट के लिए रख सकेंगे खून का सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मध्य भारत का पहला और देश के बारहवें क्लिनिकल फॉरेंसिक मेडिसिन एण्ड टॉक्सीकोलॉजी यूनिट की स्थापना आंबेडकर अस्पताल में की गई है। इस यूनिट में हेराइन, कोकीन सहित अन्य मादक पदार्थों के सेवन की जांच हो सकेगी। साथ ही एफटीए पेपर द्वारा डीएनए टेस्ट के लिए खून के सैंपल सुरक्षित रखे जा सकेंगे। इस यूनिट से मेडिको लीगल की जांच में काफी मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित आंबेडकर अस्पताल में सीएफएमटी यूनिट का उद्घाटन किया। अस्पताल में आने वाले



मेडिको लीगल (एमएलसी) केस में व्यक्ति या पीड़ित की जांच एवं उपचार की सुविधा यहां मिलेगी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह मध्य भारत का पहला एवं पूरे देश का बारहवां यूनिट है जहां अपराध का संकेत देने वाले चोट की जांच, शराब के सेवन की ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट, नशा का सेवन करने वालों की यूरिन के माध्यम से पुष्टि तथा पोक्सो कानून के अंतर्गत आने वाले अपराधिक मामलों में उम्र बताने की जांच की जाएगी। आज के समय में अपराध की प्रकृति बदलती जा रही है, इसलिए आने वाले दिनों में यह देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में से एक होगा। यह अपराध की जांच और कार्रवाई में सटीक सूचना देने में अहम भूमिका निभाएगी। जांच करने वाले डॉक्टरों की टीम में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्निग्धा जैन, फॉरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. नागेंद्र सोनवानी, डॉ. शिवनारायण मांझी, डॉ. महेंद्र साहू एवं फॉरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. कमल साहू शामिल रहेंगे। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी के अलावा मेडिकल कालेज डीन डा. विवेक चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर मौजूद थे।

**सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर पुलिस जांच में जुटी**

# पुलिस सख्ती के बाद युवा फार्म हाउस बुक कर हुक्का से धुआं के छल्ले उड़ा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य में हुक्का बारों पर पूरी तरह से रोक है। बावजूद इसके युवा निजी फार्म हाउस बुक कराकर खुलेआम हुक्का से धुआं का छल्ला बनाकर उड़ा रहे हैं। इतना ही नहीं, हुक्का पीने वाले युवा इसका बाकायादा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर रहे हैं। ऐसे लोगों के मन में पुलिस के प्रति किसी तरह से कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का पीने तथा पिलाने पर रोक लगाने 20 फरवरी 2023 को कोटपा एक्ट में संसोधन करते हुए हुक्का पिलाने वालों के खिलाफ 10 से 50 हजार रुपए जुर्माना तथा पीने वालों के लिए एक से पांच हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही एक से तीन साल सजा का प्रावधान किया गया है। हुक्का पर रोक लगाने गैर जमानती अपराध घोषित किया गया है।

### आउटर के फार्म हाउस बने नशे का अड्डा

शहर के अंदर पुलिस की सख्ती के कारण



प्रतिबंधित नशा करने के शौकीन आउटर के फार्म हाउस को सेफ जोन मानकर हुक्का के साथ अन्य तरह के प्रतिबंधित मादक पदार्थों के सेवन कर रहे हैं। इसके पूर्व भी भाठागांव सहित कई अन्य क्षेत्र के फार्म हाउस में प्रतिबंधित हेरोइन चिट्टा सहित अन्य मादक पदार्थ सेवन करने के मामले सामने आ चुके हैं।


### ऑनलाइन आर्डर कर मंगा रहे

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक हुक्का पीने के लिए युवाओं का अलग-अलग ग्रुप ऑनलाइन हुक्का पीने के पार्ट्स के साथ अलग-अलग फ्लेवर के तंबाखू आर्डर कर मंगा रहे हैं। इसके साथ ही कुछ दुकानदार चोरी छिपे हुक्का पीने उपयोग में आने वाले फ्लेवर युक्त तंबाखू मंगाकर युवाओं को उपलब्ध करा रहे हैं।

राजधानी के एक निजी फार्म हाउस में युवाओं के अलग-अलग ग्रुप द्वारा हुक्का पीने का इंस्टाग्राम में वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के आधाक पर पुलिस फार्म हाउस की जानकारी जुटाने के साथ जो युवा हुक्का पी रहे हैं, उनकी पहचान करने की कोशिश में जुटी हुई है। पुलिस के दावों के मुताबिक हुक्का पीने वालों की पहचान कर जिस फार्म हाउस में हुक्का पार्टी का आयोजन किया गया था, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




**कार की ठोकर से बाइक क्षतिग्रस्त** :रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने एक कार चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। निलेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 दिसंबर को अपरान्ह करीब 3.45 बजे श्यामनगर में विश्वकर्मा गैरेज के सामने एक कार के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मामले में धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।




### डेंटल सर्जन डा. आश्री का दिल्ली में सम्मान

रायपुर। राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर पिछले दिनों छत्तीसगढ़ की डेंटल सर्जन डॉ आश्री वर्मा को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दो अवार्ड्स से अलंकृत किया गया। उन्हें राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा श्री सम्मान 2025 से बिहार के चीफ मिनिस्टर ने नवाजा वहीं दूसरा पुरस्कार ह्युमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने दिया। समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों से चयनित 26 डॉक्टर को चिकित्सा और दंत चिकित्सा क्षेत्र में शामिल हुए। वर्तमान में वे एमडीएस ओरल एंड मैक्सीलर्लोफैसियल सर्जरी चंद्र डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बाराबंकी सफेदाबाद उत्तर प्रदेश से कर रही है डॉक्टर आश्री वर्मा आस्था वर्मा और श्रीकांत वर्मा अतिरिक्त कलेक्टर की पुत्री है।







## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्ते लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




विद्यार्थियों ने पेश किए अपने कलेक्शन

## लाइव इवेंट

# पॉलिथीन मुक्त भारत की ओर थीम पर 33 बाल वैज्ञानिकों ने प्रेजेंटेशन में बताए नवाचारी समाधान



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति बाल वैज्ञानिकों की संवेदनशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत पॉलिथीन के उपयोग में कमी और उसके वैज्ञानिक विकल्प विषय पर केंद्रित सेमिनार में विद्यार्थियों ने कई उदाहरणों को दर्शाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वैश्विक शोध, भारतीय उदाहरण और स्थानीय प्रयोगों के माध्यम से पॉलिथीन समस्या और उसके विकल्पों पर व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी और सेमिनार में दुर्ग, रायपुर, डोंगरगढ़, जगदलपुर, जयपुर, झारखंड, किरंदुल, बिलासपुर, रायगढ़ सहित 33 केंद्रीय विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों ने अपने शोध आधारित प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में 179 विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के 39 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में कुल 21 निर्णायक विभिन्न 7 थीम पर मूल्यांकन के लिए उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, डॉ. अजय आर्य सहित निर्णायक मंडल में गुरमीत सिंह, अंकित साहू, डॉ. अनिल कुमार और विवेक अग्रवाल शामिल रहे।

### विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव

छात्रा सुजल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि दुर्ग विद्यालय के शिक्षकों और प्राचार्य द्वारा मिला सहयोग अविस्मरणीय रहा। जयपुर की वैष्णवी ने कहा नजरिया बदलने से दुनिया बदल जाती है, इसलिए हमें हमेशा नए ढंग से सोचने की आदत विकसित करनी चाहिए। अंत में प्राचार्य ने सभी निर्णायकों, शिक्षकों और छात्रों सहित सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय विद्यालय रायपुर संभाग की सर्वोच्च अधिकारी पी बीएस उषा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक और प्रभारी एसके राय थे। विद्यालय का विज्ञान विभाग एसके चतुर्वेदी, शीला चाको, गीता माली राजेश कुमार के साथ मुख्य भूमिका में रहा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय आर्य ने कहा कि हालात कैसे भी हों बहादुरों को रोना नही चाहिए बल्कि जुनून रखकर हिम्मत से आगे बढ़ना चाहिए। यह वैज्ञानिक प्रदर्शनी न केवल पॉलिथीन मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करती है, बल्कि आने वाले कल के वैज्ञानिकों की नई सोच को भी दिशा देती है।

## सिटी इवेंट

# एआई से बदलेगी रेडियोलॉजी की तस्वीर इमेजिंग तकनीक में आएगा क्रांतिकारी परिवर्तन



**रायपुर।** इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन व डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आईरा सीजीकॉन-2025 के 15वें वार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन चिकित्सा महाविद्यालय स्थित स्व. अटल बिहारी वाजपेई सभागार में किया जा रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। आयोजन में देशभर से 150 से भी अधिक रेडियोलॉजिस्ट हिस्सा ले रहे हैं। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग तकनीक के क्षेत्र में एआई का समावेश चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया विभिन्न क्षेत्रों में एआई का उपयोग कर तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसे में मेडिकल और विशेषकर रेडियोलॉजी के क्षेत्र में एआई का उपयोग समय की आवश्यकता बन चुका है। एआई आधारित इमेजिंग तकनीक से जांच की गुणवत्ता में सुधार, रिपोर्टिंग में तेजी और रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञों की कमी वाले दूरस्थ क्षेत्रों में भी सटीक निदान संभव हो सकेगा। इससे मरीजों को बड़े शहरों तक आने की आवश्यकता कम होगी और समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने सम्मेलन में जुटे देशभर के रेडियोलॉजिस्टों से आव्हान किया कि वे तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए एआई के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सटीक और प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करें, ताकि छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर रहने वाले मरीजों को भी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### ये रहे मौजूद

*उद्घाटन सत्र में डॉ. आनंद जायसवाल ने कहा कि जिस प्रकार इमेजिंग तकनीक अदृश्य को उजागर करती है, उसी प्रकार यह सम्मेलन ज्ञान, समझ और नवाचार के नए द्वार खोलने का सशक्त मंच प्रदान करता है। सम्मेलन में आयोजित वैज्ञानिक सत्र, व्याख्यान एवं चर्चाएं प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। इस अवसर पर रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉ. राजेश, डॉ. शुभकीर्ति अग्रवाल, डॉ. विभा पात्रे समेत अन्य फैकल्टी मेंबर मौजूद रहे। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से पधारे प्रख्यात विशेषज्ञों एवं प्रतिष्ठित वक्ताओं में डॉ. सी. कृष्णा, डॉ. वर्षा जोशी, डॉ. प्रशांत ओंकार, डॉ. नितिन सहित अनेक फैकल्टी मेंबर्स ने सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजन समिति के पेट्रन एवं मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी, आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, आयोजन अध्यक्ष डॉ. आनंद जायसवाल, उपाध्यक्ष डॉ. विवेक पात्रे (विभागाध्यक्ष, रेडियोडायग्नोसिस विभाग), आईरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एए उस्मान, सचिव डॉ. विकास भोजसिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।*

● बाजार में कार्टून कैरेक्टर, लोगों को भा रही अलग-अलग डिजाइन की पतंगें

# मकर संक्रांति पर्व से पहले दुकानों पर सज गईं पतंगें, बच्चे-युवा उत्साहित

> “ठंड के दस्तक देने के साथ ही बच्चों में पतंगबाजी के प्रति उत्साह देखा जा रहा है। पतंग की दुकानें सज गई हैं और बच्चे पतंग खरीदने के लिए पहुंचने लगे हैं। पतंगबाजी सिर्फ ठंड के मौसम की शुरुआत के साथ होती है और मकर संक्रांति के बाद खत्म हो जाती है। शहर में पतंगबाजी ज्यादा होती है। पर्व से पहले बच्चों ने पतंग उड़ाना भी शुरू कर दिया है। छतों से लेकर मैदान तक बच्चे पतंगबाजी करते देखे जा रहे हैं।


**रायपुर।** दुकानदार का कहना है कि हर दिन 20 से अधिक पतंगों की बिक्री हो रही है। छुट्टी के दिनों में यह संख्या में 50 से अधिक पहुंच जाती है। उनका कहना है कि ठंड में पतंग का कारोबार अच्छा होता है। पतंगों की बिक्री अब मकर संक्राति तक चलेगी। पर्व के नजदीक आते ही बाजार में पतंगों की दुकानें सजने लगी हैं। बच्चों समेत युवा भी प्रतियोगिता की तैयारी शुरू चुके हैं।






### कलरफुल पतंगों से दुकानें सजीं

*मकर संक्राति का पर्व नजदीक आ रहा है, ऐसे में बाजारों में कलरफुल पतंगों से दुकानें सजाकर बिक्री शुरू की गई है। बच्चे इन दिनों अपने घरों की छतों पर सुबह से शाम तक पतंगबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। लोकल मांझा युवाओं व बच्चों को खासा लुभा रहा है। दूसरी ओर बाजारों में पतंगों की दुकानों पर स्वदेशी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बड़े आकार की कागज से बनी चार रंगों वाली पतंग की कीमत 10 रुपए है। वहीं बाजार में फिलहाल सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र अनूठी आकृतियों वाली जैसे चिड़िया, गोलाकार पतंग की है, जो सामान्य पतंग के आकार से थोड़ी हटकर है। इन पतंगों की कीमत 15 रुपए से लेकर 50 रुपए तक होती है।*





### मकर संक्रांति में ज्यादा बिक्री होने की उम्मीद

पिछले साल की तुलना में इस बार ठंड में पतंगों की बिक्री अधिक बताई जा रही है, जिसे देखते हुए दुकानदारों को उम्मीद है कि इस बार मकर संक्रांति पर्व पर पतंगों की बिक्री अधिक होगी। पर्व को लेकर नई व आकर्षक मैसेज वाली पतंगों के नए कलेक्शन आने लगे हैं। दुकानदारों का कहना है कि मकर संक्रांति को लेकर बेहद उत्सुक हैं। नागपुर, जयपुर से किफायती दामों पर पतंगों की खरीदारी की गई है।

# सूत्रा एग्जीबिशन में पहुंच रहे फैशन के शौकीन, वेडिंग कलेक्शन पहली पसंद

**रायपुर।** बेबीलोन कैपिटल में आयोजित सूत्रा एग्जीबिशन के दूसरे दिन फैशन प्रेमी खरीदारी करने पहुंचे। खासतौर पर आगामी शादियों को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने डिजाइनर परिधानों की खरीदारी की। एग्जीबिशन में देश के विभिन्न शहरों से आए डिजाइनर्स द्वारा प्रस्तुत कलेक्शन सभी वर्गों और आयु समूहों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। फैशन के शौकीन खरीदार बारीकी से क्यूरेट किए गए कलेक्शंस में से अपने पसंदीदा आउटफिट्स चुनते नजर आए। विजिटर्स का यह उत्साह रायपुर में प्रीमियम, एक्सक्लूसिव और हैंडक्राफ्टेड डिजाइंस की बढ़ती मांग को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। सूत्रा एग्जीबिशन की खास पहचान इसकी अनूठी प्रस्तुति और विविध रेंज है, जहां क्लासिक ब्राइडल वियर की भव्यता से लेकर आधुनिक और कंटेम्परेरी फेस्टिव वियर तक एक ही मंच पर उपलब्ध है। इस उत्कृष्ट क्यूरेशन और शानदार प्रस्तुति के चलते सूत्रा एग्जीबिशन रायपुर के फैशन कैलेंडर में एक प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित इवेंट के रूप में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है।



> सभी वर्गों के लिए पसंदीदा आउटफिट्स का कलेक्शन

### एग्जीबिशन का आज अंतिम दिन

*सूत्रा के कलेक्शंस केवल परिधान और एसेसरीज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे लग्जरी, बारीक कारीगरी और उत्कृष्ट क्रॉफ्टिंग स्किल से जुड़े हैं। यहां जेवर्स बाय नीरज भंसाली द्वारा दुल्हन के संपूर्ण लुक को निखारने वाली हाई-कैरेट ज्वेलरी का विशेष कलेक्शन, वाफे, कोलकाता की शानदार फेस्टिव और ब्राइडल कोत्योर लाइन्स, ड्रंक ऑन डेनिम की ट्रेडिशनल वार्डरोब प्लानिंग में फ्रेश और कंटेम्पररी टच, वामावन ऑफिशियल के बारीकी से क्यूरेट किए गए फेस्टिव वियर्स, मायसा, जोधपुर की हेरिटेज आर्ट और लाइफस्टाइल लग्जरी से सजी पेशकश, पार्थ ज्वेलर्स का वेडिंग और फेस्टिव ज्वेलरी का विस्तृत कलेक्शन और द कश्मीर एडिट, जो अपनी हैंडक्रॉफ्टेड एम्ब्रॉयडरी के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है, प्रमुख आकर्षण है। एग्जीबिशन का आज अंतिम दिन है।*

# गायत्री परिवार का साहित्य घर-घर बांटने निकलेंगे परिजन

**रायपुर।** गायत्री परिवार ट्रस्ट समता कॉलोनी द्वारा अब घर-घर सद् साहित्य परिजनों से बंटवाया जाएगा। इसके लिए योजना बनाते हुए मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस ने 51000 का चेक अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रमुख चिन्मय पंड्या के हाथों गायत्री शक्तिपीठ को दिलाया है। इससे गायत्री शक्तिपीठ के माध्यम से इस रकम का साहित्य खरीदकर ज्यादा से ज्यादा घरों तक पहुंचाने का प्रयास भी किया जाएगा। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति चिन्मय पंड्या छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। इसी दौरान गायत्री परिवार ट्रस्ट समता कॉलोनी रायपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ने यह पहल की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखा सद् साहित्य सभी वर्ग के लिए उपयोगी है।



### नवविवाहित जोड़ा परिवार का संचालन कैसे करे

नवविवाहित जोड़ा परिवार का संचालन कैसे करें, जीवन के नए परिवेश में प्रवेश करते हुए परिवार को कैसे आगे बढ़ाया जाए। परिवार का निर्माण कैसे किया जाए, ऐसे विषयों पर गुरुदेव ने साहित्य लिखा है। उसका वितरण जहां 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में किया गया है, वहीं मां गायत्री के सद् साहित्य का वितरण रायपुर में घर-घर किया जाएगा। फिलहाल यह शुरुआत की प्रक्रिया है, आगे इसे प्रदेशभर में गति दी जाएगी, ताकि घर-घर मां गायत्री का साहित्य पहुंच सके। उन्होंने बताया कि इस विचार की सराहना प्रति कुलपति चिन्मय पंड्या ने की है। इस अवसर पर सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल, दीनानाथ शर्मा एवं ट्रस्टी आदर्श वर्मा विशेष रूप से मौजूद थीं।

## राजधानी में सेंट पॉल्स चर्च की टोली 8 सौ से ज्यादा परिवारों के बीच करेगी गायन

# प्रभु यीशु के आने का संदेश पहुंचाने घर-घर गा रहे कैरोल, मसीहीजनों में उत्साह का माहौल

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** प्रभु यीशु के आने की खुशी और इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाने के लिए गिरजाघरों में तैयारियों का दौर तेज हो गया है। सेंट पॉल्स चर्च ने इस साल कैरोल गायन के लिए युवाओं के दल बनाए हैं। नितिन लॉरेंस ने बताया कि इस बार संयोजक रेव्ह. असीम प्रकाश विक्रम, रेव्ह. सुशील मसीह, रेव्ह. पवन कुमार सैमुएल के साथ परिवारों के बीच प्रभु यीशु के आने का संदेश देने के लिए कैरोल सिंगिंग का सिलसिला तेज हो गया है। इसके लिए हर वर्ग के लोगों को मिलाकर दल बनाए गए हैं। रेव्ह. सुबोधल कुमार, डीकन मनशीश केजू, डीकन जीवन मसीह दास की अगवाई में कैरोल सिंगिंग पार्टी गायन के लिए निकलने लगी है। इसमें शामिल हर वर्ग के लोग मसीहीजनों के बीच अलग-अलग बस्तियों और कॉलोनियों में कैरोल सिंगिंग करते हुए घर-घर दस्तक देने लगे हैं। दल जिस क्षेत्र में मसीही समाज के बीच पहुंचता है, वहां उनका स्वागत भी किया जाता है।





### युवा निकल रहे समाज के बीच खुशी बांटने

कैरोल दल के प्रमुखों ने बताया कि दिसंबर महीना शुरू होते ही क्रिसमस का आगाज कैरोल सिंगिंग से किया गया है। इस बार भी कैरोल सिंगिंग का सिलसिला मसीह समाज के युवाओं ने शुरू कर दिया है। अब प्रभु यीशु के आने का संदेश लेकर घर-घर दस्तक देते हुए कैरोल गायन के माध्यम से सुनाने पहुंच रहे हैं। यीशु के आगमन की खुशी को कैरोल सिंगिंग से बांटने के लिए दल निकलने लगे हैं। सेंट पॉल कैथेड्रल से निकलने वाले सिंगिंग दल ने शैलेंद्र नगर, टैगोर नगर, विवेकानंद नगर, पेंशनबाड़ा और पंजाबी कॉलोनी क्षेत्र में रहने वाले समाजजनों के परिवारों तक सिंगिंग के जरिए प्रभु का संदेश दिया।



### सांता क्लॉज के परिधान में बांट रहे चॉकलेट

सिंगिंग दल ने बैरन बाजार, पुलिस लाइन, सेंट पॉल्स स्कूल और अरविंद नगर में सांता क्लॉज के परिधान में गायन करते हुए लोगों के बीच चॉकलेट्स बांटी। दल के मेंबर्स ने बताया कि हर दल में सांता क्लॉज है। हम जिस घर या कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के बीच जाते हैं, वहां कैरोल गायन के बाद आसपास रहने वाले बच्चों और परिवार के लोगों को खुशी का इजहार करते हुए सांता क्लॉज बनकर चॉकलेट और गिफ्ट भी लोगों के बीच जाकर देते हैं। इस बार भी ज्यादा से ज्यादा परिवारों के बीच परमात्मा के आने की खुशी बांटने की पहल जारी है। समाज के लोग हर क्षेत्र में रहते हैं, इसलिए परिवारों के बीच खुशी जाहिर करने के लिए सिंगिंग दल पहुंच रहा है।

## सिटी लाइव

# यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारी का इलाज कराने जागरूकता जरूरी



**रायपुर।** प्रतिवर्ष देश में 13 अक्टूबर को यूरोलॉजी जागरूकता दिवस मनाया जाता है। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहर के विशेषज्ञों ने कई तरह की जानकारियां साझा कीं। छत्तीसगढ़ यूरोलॉजी सोसाइटी के डॉ. प्रशांत भागवत ने बताया कि यूरोलॉजी से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। पेशाब के रास्ते जलन, खून आना जैसी कई बीमारियां हैं, जिनका इलाज यूरोलॉजिस्ट से ही कराना चाहिए। इससे समय के साथ पैसों की बचत होगी एवं मरीज को विशेषज्ञ डॉक्टर से सही समय पर सही इलाज मिलेगा। देखा जाता है कि जागरूकता के अभाव में मरीज यूरोलॉजिस्ट के पास सही समय पर नहीं पहुंचते हैं। विलंब से आने पर समस्या जटिल हो जाती है।

### नमक का इस्तेमाल कम पानी ज्यादा पीना चाहिए

उन्होंने बताया कि जागरूकता की कमी से 30 प्रतिशत मरीज ही यूरोलॉजिस्ट तक पहुंचते हैं। 70 प्रतिशत मरीज यूरोलॉजी से सम्बंधित रोगों का अन्य डॉक्टरों के पास जाकर उपचार लेते हैं। समाधान नहीं होने पर मरीज को यूरोलॉजिस्ट के पास जाने की सलाह दी जाती है। इसके बीच समय और पैसों का नुकसान होता है। यूरोलॉजिस्ट या यूरो सर्जन नेशनल मेडिकल कमीशन से मान्यता प्राप्त सुपर स्पेशलिस्ट होते हुए भी लोग अन्य चिकित्सकों के पास समय और पैसे बर्बाद करने के साथ ही बीमारी को भी बढ़ा लेते हैं। इससे शरीर के दूसरे अंगों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इन तमाम समस्याओं से बचने के लिए लोगों को नमक का इस्तेमाल कम और पानी ज्यादा पीना चाहिए।

## धर्म लाइव

# मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में सर्व समाज का महासम्मेलन कल



**रायपुर।** राजधानी में पहली बार सर्व समाज प्रमुखों का 15 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में एक महासम्मेलन होने जा रहा है। इसमें सभी समाज प्रमुख एवं सभी दुर्गा और गणेशोत्सव के साथ ही गरबा उत्सव समिति के लोगों की उपस्थिति में बड़ी योजना की तैयारी होने वाली है। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि सर्व समाज को एकता के सूत्र में पिरोने की एक पहल होगी। एक-दूसरे को जोड़ने के लिए यह आयोजन एक वैचारिक मंच बनने वाला है। इससे आगे की गतिविधि उलझेगी नहीं, बल्कि सुलझेगी। समाज प्रमुखों के सहयोग से आगे होने वाले हर पहल को हम सुचारू रूप से संभाल पाएंगे। यह जानकारी शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान श्री नीलकंठ सेवा समिति के संस्थापक नीलकंठ त्रिपाठी महाराज ने दी।

### ताकि उचित एवं संगठित निर्णय लिया जा सके

उन्होंने बताया कि समाज में शांति, एकता और सांस्कृतिक गरिमा को सुरक्षित रखने के लिए सभी सामाजिक प्रमुखों, संगठनों एवं सभी समाज के संतों-महंतों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस सभा में सामाजिक सौहार्द्र को सुदृढ़ करने, भविष्य में किसी भी प्रकार के असामाजिक कृत्य को रोकने, सनातन पर्व-त्योहारों को वैदिक एवं मर्यादित पद्धति से मनाने के साथ सामाजिक संगठनों एवं समाज प्रमुखों को एक मंच पर लाने की पहल की जा रही है, ताकि उचित एवं संगठित निर्णय लिया जा सके। 15 दिसंबर को दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक स्व. अटल बिहारी बाजपेयी सभागार मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम जेल रोड में यह महासम्मेलन किया जाएगा।

## लाइव इवेंट

# छत्तीसगढ़ी फिल्म 'जानकी' देशभर में रिलीज, दर्शकों से मिली सराहना



**रायपुर।** लंबे इंतजार के बाद छत्तीसगढ़ के मशहूर फिल्म प्रोडक्शन एन. माही फिल्म्स के निर्माता, कहानी, एक्शन मोहित साहू की बहुप्रतीक्षित, बहुचर्चित हिंदी, छत्तीसगढ़ी फिल्म जानकी भाग -1 प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में एक साथ रिलीज की गई। सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई रोक को मुंबई हाईकोर्ट में चुनौती के बाद मिली जीत से न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारत के नारी शक्ति की जीत साबित हुई। पहले दिन का शो देखकर निकले दर्शकों ने फिल्म के मुख्य किरदार रघु और जानकी की छवि को खुद में देखा। फिल्म की कहानी में रघु-जानकी सामाजिक संघर्ष के बीच अपनी जिंदगी की इबारत कैसे लिखते हैं, फिल्म में यही दर्शाया गया है। सचमुच समाज में आज रघु-जानकी की जरूरत है। रघु के रूप में दिलकश अभिनेता दिलेश साहू और अन्नी यानी जानकी के रूप में अनिकृति चौहान ने किरदार निभाया है।

---

सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं आमीन माता महिला मंडली के संयुक्त आयोजन में प्रदेशभर से जुटे सैकड़ों सत्संगी

# कबीरवाणी का गायन करते 51 महिलाओं ने धारण किया कलश, शोभायात्रा संग समारोह का आगाज

'अमलीडीह क्षेत्र में महात्मा गांधी नगर स्थित कबीर सत्संग भवन में शनिवार को तीन दिवसीय सद्गुरु सत्संग समारोह का भक्तिमय आगाज कलश यात्रा और शोभायात्रा से किया गया। इसमें 51 महिलाएं क्षेत्र के शिव मंदिर प्रांगण से सिर पर कलश धारण करके निकलीं। इनके साथ कबीरवाणी का गायन करते हुए आगे चल रहे सतनाम धुन की 40 सदस्यीय टोली ने समारोह का भक्तिमय आगाज किया। इसमें अलग-अलग 22 क्षेत्रों से सैकड़ों की तादाद में कबीरपंथ के अनुयायी आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पहले दिन पहुंचे।'

**रायपुर।** सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं आमीन माता महिला मंडली द्वारा 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित सद्गुरु सत्संग समारोह के पहले दिन दोपहर 2 बजे धूमधाम से भक्तिमय माहौल में कलश यात्रा और शोभायात्रा के चलते क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। सतनाम धुन की अलख जगाती युवाओं की टोली जिस मार्ग से गुजरी, लोग दो



### इन विषयों को महंत ने बनाया सत्संग का हिस्सा

शाम 5 से 7 बजे तक महंत देवदास साहेब का सत्संग, भजन एवं प्रवचन सुनने का अवसर धर्मप्रेमियों को मिला। महंत ने सृष्टि का निर्माण किस तरह से हुआ। आस्था केंद्र बांधवगढ़ से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से लोगों को जोड़ते हुए बताया, किस तरह से सद्गुरु कबीर साहेब ने सद्मार्ग पर चलने का मंत्र दिया। किस तरह से भगवान ब्रह्मा, विष्णु और शिव सृष्टि का संचालन आपस में मिलकर करते हैं। इन विषयों को सत्संग का हिस्सा बनाते हुए महंत ने बताया कि कबीरवाणी का उद्भव सदियों पहले हुआ। इस सत्संग में सैकड़ों धर्मानुरागी शामिल हुए। यह सिलसिला रविवार को भी तय समय से शुरू होगा।



पल रुकने के बाद कबीरवाणी की भावपूर्ण प्रस्तुति के साक्षी बने। तिलक नगर कॉलोनी, पुलिस लाइन, सतनाम चौक से सत्संग भवन पहुंचने पर शाम 5 बजे कलश स्थापना के साथ ही शोभायात्रा का समापन किया। इस आयोजन को सफल बनाने समिति के लोगों ने हर काम के लिए जिम्मेदारी तय किया है, ताकि बाहर से आए सत्संगियों को किसी प्रकार से परेशानी का सामना न करना पड़े।



### 500 लोगों का भोजन पका रहे 22 कार्यकर्ता

आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि इस बा भी 500 से ज्यादा लोगों का भोजन तैयार किया गया। सुबह से शाम तक समारोह का हिस्सा बनने वाले लोगों को यह सुविधा देने के लिए 22 कार्यकर्ताओं की टीम इस दायित्व को निभा रही। इसमें शामिल होने के लिए 40 से ज्यादा संत-महंत भी प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र से आए हैं। उनको रहने और खाने की सुविधा समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के घरों में दी जा रही है। ठंड को देखते हुए यह इंतजाम किया गया है।

### महिला मंडल के सहयोग से सज रहा समारोह

वहीं 14 दिसंबर को सुबह 9 से 10 बजे तक दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। इसके बाद गुरु महिमा का पाठ में लोग शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए अश्वनी साहू एवं श्रवण दास ने बताया कि इसके बाद 3 बजे तक बाहर से आए हुए संतों और महंतों का प्रवचन होगा। दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक देवदास साहेब का सत्संग समारोह की महत्वपूर्ण कड़ी होगी। इसके बाद आकाशवाणी के चर्चित कलाकारों द्वारा लोकगीतों एवं पंडवानी की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके लिए कबीर भवन में सभी तरह से व्यवस्थागत तैयारी की गई है। श्री साहू ने बताया कि आने वाले लोगों को सुविधा देने आयोजन समिति ने महिलाओं की अलग से जिम्मेदारी तय की है।

---

# वामा कैपिटल के अवार्ड नाइट में पुरानी टीम का सम्मान, नए प्रेसिडेंट की शुरू होगी पारी

**रायपुर।** कहते हैं, दुनिया में कोई भी पद फिक्स नहीं होता। यह आते और जाते रहता है। यही संदेश गीता के उपदेश में भी दिया गया है कि जीवन में कोई भी चीज एकछत्र नहीं होती, उसमें परिवर्तन होते रहना चाहिए। आज वही बदलाव का दिन है। जहां जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल के अवार्ड नाइट और शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन शांतिनगर में नवनिर्मित विला विमतारा में गरिमामय आयोजन किया गया। जेसीआई के नियम में एक साल का पदभार दिया जाता है। आने वाले साल के प्रेसिडेंट एवं ग्रुप को काम का अवसर दिया जाता है। 2025 के लिए चुनी गई टीम ने एक साल की जर्नी के उतार-चढ़ाव से जुड़े अनुभव को साझा किया। जहां उनके काम को जेसीआई की ओर से सराहना करते हुए सम्मान भी दिया।

### इन अतिथियों की मौजूदगी में आयोजन

2025 में सालभर सक्रिय रहने वाले सदस्य को बेस्ट जीसस एक्सीलेंस अवॉर्ड अवार्ड नाइट में दिया गया। नए कार्यभार को संभालने के लिए 2026 के प्रेसिडेंट, सचिव एवं उनकी कार्यकारिणी शनिवार को उपस्थित होकर पदभार ग्रहण करती है। अवार्ड नाइट की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, राष्ट्रीय गान के बाद स्वागत नृत्य पीहू सोनकर ने पेश किया। मुख्य अतिथि विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विशिष्ट अतिथि ऐश्वर्या सिंह, स्पीकर राजेश अग्रवाल, शपथ ग्रहण अधिकारी अमिताभ दुबे मौजूद थे। आयोजन की जानकारी पीआरओ हेड सुमन दीवान ने देते हुए बताया कि सालभर के सक्रिय मेंबर्स को सम्मान से नवाजा गया।



### अलग-अलग क्षेत्र में बेस्ट करने वालों का सम्मान

आयोजन की को-ऑर्डिनेटर शिखा गोलछा, प्रोग्राम डायरेक्टर आरती पराठे, प्रियंका कालिया रहीं। प्रोग्राम का संचालन दीया मूलचंदानी, शिखा गोलछा ने किया। जबकि 2025 में बेहतर काम करने के लिए बेस्ट न्यू जेसी प्रीति अग्रवाल, बेस्ट जेसीस- रूपा सिंह, बेस्ट लोम ऑफिसर सरिता पटनायक, गेमचेंजर धृति शर्मा को भी सम्मानित किया गया। वीआईपी मैनेजमेंट जेसी प्रकृति श्रीवास्तव, टीम लीडर जेसी गुंजन गोलछा, टीम मेन्टोर जेसीआई सीनेटर शिखा गोलछा रहीं। आउटस्टैंडिंग अवार्ड मोना दुबे, सुमन दीवान को मिला। वामा रत्न सम्मान इस बार जेसी सीनेटर श्रद्धा अग्रवाल को मिला।



# नेशनल ट्रांसजेंडर स्पोर्ट्स मीट में भाग लेंगे देशभर के खिलाड़ी



**रायपुर।** समानता, सम्मान और सामाजिक समावेश की भावना को सशक्त करते हुए राजधानी में नेशनल ट्रांसजेंडर स्पोर्ट्स मीट-2025 का भव्य आयोजन 19 एवं 20 दिसंबर को किया जाएगा। दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से ट्रांसजेंडर खिलाड़ी प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लेंगे। ट्रांसजेंडर समुदाय की खेल प्रतिभा, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय सहभागिता को सशक्त मंच देने के लिए उन्हें मंच प्रदान करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति के बीच 'मनुआस रियलिटी'

खेल प्रतियोगिताएं सुबह 10 बजे से स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा में आयोजित की जाएंगी। साथ ही दोनों दिन शाम 6 बजे से राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला भी चलेगा। राष्ट्रीय सेमिनार 'मनुआस रियलिटी' का आयोजन भी किया जाएगा। दूसरे दिन इसका समापन समारोह किया जाएगा। आयोजक के संदर्भ में विद्या राजपूत ने बताया कि यह खेल महोत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि समाज में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सकारात्मक सोच, सम्मान और स्वीकार्यता को भी मजबूत करेगा।

---

लोकप्रिय गीतों की मधुर प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

# कथक में नन्हे कलाकारों ने बांधा समां आज गोंडवाना महोत्सव का आखिरी दिन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बीटीआई ग्राउंड आयोजित गोंडवाना राष्ट्रीय आजीविका एवं सांस्कृतिक कला महोत्सव इन दिनों सांस्कृतिक रंगों और रौनक से सराबोर है। शनिवार को लूचा द बंद ने अपनी भावपूर्ण और सधी हुई प्रस्तुति से पूरे माहौल को संगीत और सूफियाना रंग में सराबोर कर दिया। मंच से उठती हर धुन श्रोताओं के दिलों तक सीधे पहुंचती नजर आई। कैलाश खेर का सैयां, अरिजीत सिंह का देवा देवा, ये जो हल्का-हल्का सुरूर है और सांसों की माला जैसे लोकप्रिय गीतों की मधुर प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शबनम से सजी खुशनुमा रात में सूफी और बॉलीवुड संगीत का ऐसा खूबसूरत संगम देखने को मिला, जिसने माहौल को और भी यादगार बना दिया। गीतों की लय पर दर्शक झूमते और तालियों की गूंज से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते नजर आए। हर गीत के साथ श्रोताओं का जुड़ाव और गहरा होता गया, जिससे यह प्रस्तुति केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आत्मिक अनुभव बन गई, जिसे उपस्थित दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे।




### अतरंगी ग्रुप का रंगारंग नृत्य

अतरंगी ग्रुप की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को शुरुआत से ही पैरों की थाप पर झूमने को मजबूर कर दिया। इसरार एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक राजस्थानी घूमर नृत्य ने मंच पर रंग, लय और ऊर्जा का अद्भुत संगम रच दिया। घूमर की गोलाई, सधे हुए कदम और आकर्षक भाव-भंगिमाओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं मंच पर आई एक नन्ही बच्ची ने अपने भावपूर्ण कथक नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उसकी सधी हुई मुद्राएं, तालबद्ध पांव और आत्मविश्वास भरी प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरीं। इसके साथ ही बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर लोकसंस्कृति की सुंदर और जीवंत झलक दिखाई। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और परंपरा का सुंदर मेल देखने को मिला।



## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 में छत्तीसगढ़ की जीत, महक के 3 विकेट और चांद का अर्धशतक





**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से अंडर-19 वनडे महिला क्रिकेट टुर्नामेंट 2025 का आयोजन शनिवार से शुरू हुआ। छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच जिमखाना ग्राउंड, हैदराबाद में बिहार अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 36.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 99 रन ही बनाये। बिहार की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उनके पहले 4 बल्लेबाज दहाई के आंकडे तक भी नहीं पहुंच पाये। बिहार की ओर से दीपा कुमारी ने सर्वाधिक 33 रन बनाये। बॉबी कुमारी तथा काजल कुमारी ने 10-10 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 टीम के सभी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया तथा बिहार के बल्लेबाजो को रन बनाने से रोके रखा। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान महक नरवसे ने सर्वाधिक 3 विकेट प्राप्त किये। 100 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर-19 की टीम ने 18.5 ओवरों में 1 विकेट खोकर 100 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की ओर से चांद चेलक ने अर्धशतक लगाते हुये 54 रन बनाये, अर्चिता मिस्त्री ने नाबाद 29 रन तथा यति शर्मा ने नाबाद 11 रनों का योगदान दिया। बिहार की ओर से रिशु ने 1 विकेट प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ ने मैच 9 विकेट से जीत लिया।

### बस्तर टीम के कप्तान सानिध्य ने बनाए 59 रन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के तीसरे दिन शानदार मैच हुए। धमतरी में टीम रायपुर ब्लू के विरुद्ध बस्तर टीम बल्लेबाजी में दूसरी पारी में अपने कल के स्कोर पांच विकेट पर 82 रन से आगे खेलते हुए 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान सानिध्य सिंह ने 59 रन बनाए। राजवीर ने तीस रन बनाए बनाए। गेंदबाजी रायपुर (ब्लू) वेदांत जैन ने चार विकेट, सागर निषाद एवं तेजस कलभोर ने दो-दो विकेट लिए। अगमजोत सिंह एवं आदर्श पांडे ने एक-एक विकेट लिए।

### विजय मर्चेन्ट ट्राफी में छत्तीसगढ़ ने ओडिशा के विरुद्ध कसा शिकंजा

**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच मुरैना, मध्य प्रदेश में ओडिशा टीम के विरुद्ध खेला गया।



छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।ओडिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 57.1 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 139 रन ही बनाए। ओडिशा की ओर से आशुतोष नायक ने सर्वाधिक 38 रन तथा ओमप्रकाश दास ने 24 रन बनाये। नील नितिन मोहंती ने भी 23 रनों का योगदान दिया।छत्तीसगढ टीम की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 4 विकेट तथा अरहम नाहर ने 2 विकेट प्राप्त किया। छत्तीसगढ ने अपनी पहली पारी में 82.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 248 रन बनायें। छत्तीसगढ की ओर से अर्शवीर सिंह भाटीया ने 47 रन तथा प्रतीक गंधव ने 43 रन बनाये साथ ही अंशुमन ठाकुर ने 30 रन तथा आदित्य ने 23 रन बनाये।ओडिशा की ओर से मृत्युंजय दास तथा हिमनीश साहु ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक ओडिशा ने अपनी दूसरी पारी में 37 ओवरों में 5 विकेट खोकर 103 रन बना लिये हैं। ओडिशा की ओर से आशुतोष नायक ने 52 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया तथा आदित्य ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक ओडिशा 6 रनों से पीछे है।

### बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए राज्य स्तरीय कैम्प शुरु



**भिलाई।** 51 वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप कोलकाता पश्चिम बंगाल में 25 से 28 दिसम्बर तक आयोजित है। जिसमे भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की बालिका टीम का प्रशिक्षण शिविर शनिवार को भिलाई चरोदा मे प्रारंभ हुआ। इस राज्य स्तरीय शिविर में मीनाक्षी राजनांदगाव, राधिका एसटीसी बिलासपुर, चांदनी रायपुर, देविका मोहला मानपुर, ट्विंकल बिलासपुर, नूतन एसटीसी बिलासपुर, भेजवानतीं एसटीसी बिलासपुर, अंजलि एसटीसी बिलासपुर, ताकेश्वरी रायपुर, शालिनी राजनांदगाव, बहमनी राजनांदगाव, दिव्या बलौदाबाजार, पुष्प भिलाई चरोदा और गोमती दुर्ग शामिल हो रहे है।

अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट से प्रभावित हो रहे यूजर्स

# सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल बढ़ा रहा 'ब्रेन रोट' का खतरा, घातक बन रही है डिजीटल दुनिया

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया था। शॉर्टलिस्ट किए गए छह शब्दों में से इसे 37,000 से अधिक वोट मिले थे। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है।

मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल को लेकर विशेषज्ञ चिंता जताते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों, विशेषकर कोरोना के बाद से सोशल मीडिया का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। कई रिपोर्ट्स में इस बात को लेकर चिंता जताई जाती रही है कि जिस तरह से सोशल मीडिया पर 'हल्के स्तर' के कंटेंट बढ़ रहे हैं, इसका सभी आयु वर्ग के लोगों के मस्तिष्क पर नकारात्मक असर हो रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और वयस्कों के दिन का एक बड़ा समय मोबाइल फोन को स्क्रॉल करने और सोशल मीडिया पर बीतता है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है।



शॉर्टलिस्ट किए गए छह शब्दों में से इसे 37,000 से अधिक वोट मिले।

ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है। ऑक्सफोर्ड के विशेषज्ञों ने पाया कि ब्रेन रोट शब्द ने इस वर्ष काफी ध्यान आकर्षित किया। साल 2023 से 2024 के बीच निम्न स्तरीय कंटेट में 230 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है।

### ब्रेन रोट- तेजी से बढ़ती समस्या

विशेषज्ञों ने ब्रेन रोट शब्द को किसी व्यक्ति की मानसिक या बौद्धिक स्थिति में गिरावट के रूप में परिभाषित किया है, विशेष रूप से लो लेवल के ऑनलाइन कंटेंट के अत्यधिक उपभोग के कारण होने वाली गिरावट। यह इस बारे में चिंताओं को भी दर्शाता है कि कैसे बिना सोचे-समझे स्क्रॉल करना या हल्के स्तर की जानकारी के संपर्क में आना मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल रहा है।


### क्या कहते हैं मनोचिकित्सक

भोपाल स्थित एक अस्पताल में वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं, समय के साथ ब्रेन रोट के कारण मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। निरंतर लो लेवल के कंटेट देखना मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित



कर सकता है। इसकी वजह से हमारा मस्तिष्क नए विचार उत्पन्न करने के बजाय बाहर की जानकारी को अवशोषित करने का अधिक आदी हो जाता है। ये मस्तिष्क की स्वाभिवक प्रक्रिया को भी बाधित करने वाला हो सकता है, जिस वजह से दीर्घकालिक रूप में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### खुशी प्राप्त करना हो सकता है कठिन



मनोचिकित्सक ने इस बात पर प्रकाश डाला कि लगातार सोशल मीडिया पर लगे रहना और अनावश्यक कंटेंट देखते-सुनते रहना 'न्यूरोप्लास्टिसिटी' को भी बाधित करता है। न्यूरोप्लास्टिसिटी मस्तिष्क की नए तंत्रिका कनेक्शनों को बनाने की क्षमता है। इस तरह से समय के साथ मस्तिष्क का रिवार्ड सिस्टम भी प्रभावित होने लगता है जिससे आपके लिए आनंद और खुशी प्राप्त करना कठिन हो सकता है। ऑनलाइन कंटेंट से तुरंत खुशी मिलने के कारण वास्तविक जीवन की गतिविधियों का आनंद लेना मुश्किल हो जाता है।

### कैसे जानें कहीं आप भी तो नहीं हो गए हैं शिकार?

'ब्रेन रोट तब होता है जब इंटरनेट के कंटेंट आपके दिमाग में लगातार घूमते रहते हैं। बच्चों में ब्रेन रोट के कारण अक्सर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, किसी चीज पर बहुत ज्यादा देर तक काम न कर पाने, एकाग्रता में कमी और शैक्षणिक प्रदर्शन में गिराटवट की समस्या हो सकती है।



# डाइट में शामिल करें ये अनाज, सेहत रहेगी दुरुस्त

गेहूं की रोटियां तो घर भारतीय घर में खाई जाती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कई ऐसे अनाज हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इन अनाजों को डाइट में शामिल कर आप कई लाभ पा सकती हैं। हेल्दी रहने के लिए आजकल लोग फैंसी डाइट ट्रेंड्स को फॉलो करने लगे हैं। लेकिन असल में सेहतमंद रहने का राज खान-पान की पुरानी पध्दति में भी छिपा है। अनाज हमारी डाइट का अहम हिस्सा है और शरीर को ताकत देने के साथ बॉडी की न्यूट्रिशनल जरूरतों को पूरा करने के लिए कई अनाज हमारे के लिए जरूरी हैं। गेहूं की रोटियां तो घर भारतीय घर में खाई जाती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कई ऐसे अनाज हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इन अनाजों को डाइट में शामिल कर आप कई लाभ पा सकती हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही अनाजों के बारे में बता रहे हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं और जिन्हें 2026 में भी आपको डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

### हेल्दी रहने में मदद करेगा राजगिरा का आटा

राजगिरा या अमरनाथ का आटा भी सेहत के लिए अच्छा



होता है। आपको इसे 2024 में डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। यह आटा मोटापा कम करने, डायबिटीज कंट्रोल करने समेत कई चीजों में फायदेमंद होता है। इसमें प्रोटीन, मैग्नीशियम, आयरन, फाइबर, विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन ई समेत कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें फाइबर की मात्रा सबसे अधिक होती है। जिस वजह से यह कब्ज के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इसमें कार्ब्स की भी अच्छी मात्रा होती है। इसे नाश्ते में शामिल करना आपके लिए बेस्ट रहेगा। इससे शरीर को एनर्जी मिलेगी और दिन की शुरुआत के लिए यह बेस्ट है।

### सेहतमंद रहने के लिए खाएं जौ

जौ सेहत के लिए अच्छा होता है। इसकी गिनती मोटे अनाजों में की जाती है। यह विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर से भरपूर होता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है। जिसकी वजह से शुगर पेशेंट्स के लिए इसे बहुत अच्छा माना जाता है। यह डाइजेशन के लिए बहुत अच्छा होता है और इसमें फाइबर की अधिकता के कारण, यह वेट लॉस के लिए अच्छा ऑप्शन है। इसे डाइट में शामिल कर आप सेहत से जुड़े लाभ पाने के साथ आसानी से वजन कम कर सकती हैं। यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को मैनेज करने में मदद करता है और दिल की सेहत के लिए अच्छा होता है।

### गुणों से भरपूर है कुट्टू का आटा

कुट्टू के आटे को आमतौर पर भारतीय घरों में व्रत के खाने में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन इसे नॉर्मल डाइट में शामिल करना भी सेहत के लिए काफी अच्छा रहेगा। यह एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन्स, मिनरल्स और भी



कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। आयरन, फोलेट, कॉपर, जिंक समेत कई जरूरी न्यूट्रिएंट्स से भरपूर यह आटा वेट लॉस के लिए भी बेस्ट है। यह हार्ट हेल्थ, डायबिटीज और हड्डियों के लिए बहुत अच्छा है।

# एसपीएल क्रिकेट लीग में पटियाला और रायपुर के बीच आज फाइनल मुकाबला



**रायपुर।** 17 वीं एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट की सबसे मजबूत माने जाने वाली शहीद भाई तारु सिंग स्टडी सर्कल रायपुर की टीम ने उम्मीद के मुताबिक चंडीगढ़ सिंग्स को आसानी से 6 विकेट से पराजित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम है सिंग ए पंजाब पटियाला,उसने लुधियाना की टीम को 91 रनों से परास्त किया। रविवार 14 दिसंबर को सुबह 9 बजे से डब्ल्यूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में दोनों टीमों के बीच फाइनल मैच खेला जायेगा। आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए मुखी त्रिलोचन सिंह काले ने बताया कि शनिवार को खेले गए पहले फाइनल मैच में चंडीगढ़ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 115 रन बनाए। सबसे ज्यादा तेजपाल ने 28 रन व पुनीत 20, मनिंदर 16 व जोवनप्रीत ने 19 रन बनाये। तीन बल्लेबाज तो खाता ही नहीं खोल पाये। 15 अतिरिक्त रन भी मिले। रायपुर की ओर से एक बार फिर वरुण सिंग ने घातक गेंदबाजी की और 4 ओवर में मात्र 11 रन देकर 4 विकेट चटकाए। प्रकाश सिंग व अशीवर ने 2-2 एवं हंसपाल को 1 विकेट मिले। रायपुर की ओर से उद्घाटक बल्लेबाज राजबीर ने 42 रन (22 गेंद) की शानदार पारी खेली जिसमें 2 चौके व 3 छक्के शामिल रहे। बाद के तीन बल्लेबाज जल्द ही आउट होन से कुछ देर के लिए टीम लडखड़ा गई लेकिन केविनूर सिंह छाबड़ा 33 रन (29 गेंद) व गगनदीप 23 रन (16 गेंद) ने नाउट आउट पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। इसमें 12 अतिरिक्त रनों का भी सहयोग रहा। साहिब 2 व तेजपाल को 1 विकेट मिले। इस मैच के बेस्ट प्लेयर रहे वरुण सिंग। इस मैच के अतिथि प्रीतपाल सिंग चंडोक, रजिंदर सिंग भसीन,गुरबख्श सिंह साहनी,गुरुचरण सिंह होरा व कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर परवानी थे। दूसरा सेमीफाइनल मैच लुधियाना व पटियाला के बीच खेला गया। सिंग ए पंजाब पटियाला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 200 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। कुमे के शून्य पर आउट होते ही टीम को थोड़ा झटका जरूर लगा। लेकिन इंदरप्रीत ने 80 रन (54) की आतिशी पारी खेली जिसमें 7 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। सरबजीत ने 44,जीवनजोत 24 व गुरी ने 33 रन बनाए। 19 अतिरिक्त रनों से मिले। लुधियाना के गेंदबाज कुछ खास प्रभाव नहीं डाल पाये। गगन विर्क, हमीर व सिफत सिंग को 1-1 विकेट मिले। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी गुरुगोविंद सिंह स्टडी सर्कल लुधियाना की टीम 109 रन तक ही पहुंच पायी। गगन विर्क ने 29,सरबजीत ने 17 व परमिंदर ने 23 रन बनाये। पटियाला के गेंदबाज जसकीरत ने एक बार फिर जबर्दस्त गेंदबाजी की और 4 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लिए। रणजीत, गुरुदीप, इंदरप्रीत ने 2-2 विकेट लिए। पटियाला ने लुधियाना को 91 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। इंदरप्रीत को उसके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

■ डब्ल्यूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में जमेगा क्रिकेट का रोमांच

### सर्दियों में टी लवर्स के लिए बेस्ट हैं ये हेल्दी विकल्प



अगर आप चाय प्रेमी हैं और अपनी आदत में बदलाव नहीं कर पा रहे हैं तो हेल्दी चाय के ये विकल्प सेहत और स्वाद दोनों को संतुष्ट कर सकते हैं।

**अदरक-दालचीनी हर्बल टीः** सर्दियों में इस तरह की चाय रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती हैं। यह मेटाबॉलिज्म का देसी टॉनिक है। अदरक और दालचीनी हर्बल टी बनाने के लिए एक कप पानी में एक इंच अदरक का टुकड़ा, एक छोटी दालचीनी की जरूरत होती है। अगर आप चाय में हल्की मिठास चाहते हैं तो शहद को भी शामिल कर सकते हैं। इस हर्बल टी को बनाने के लिए पानी में अदरक और दालचीनी डालकर पांच से सात मिनट उबालें। छानकर हल्का गुनगुना होने पर शहद मिलाएं। अगर आप ये चाय रोज पीते हैं तो सूजन और गैस से राहत मिलती है। शरीर की जिद्दी चर्बी को घटाने और सर्दी-जुकाम से बचाव में ये फायदेमंद हो सकती है।

**तुलसी-पुदीना ग्रीन टीः** स्वाद, सुगंध और सेहत तीनों के लिए तुलसी-पुदीना से बनी चाय का सेवन कर सकते हैं। इसका स्वाद फ्रेश रहता है और तनाव कम करने में सहायत है।






















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मेन इन ब्लैक' की पर्दे पर होगी वापसी विल स्मिथ फिर से बनेंगे 'एजेंट जे'



नब्बे के दशक में जब विल स्मिथ काले सूट में काला चश्मा लगाकर एजेंट जे बने तो दर्शक दीवाने हो गए। सुपरहिट फिल्म फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' में अब एक्टर की फिर से वापसी हो सकती है। जी हां, रिपोर्ट्स इसी ओर इशारा कर रहे हैं।

हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। जी हां, 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।

हालांकि, सोनी पिक्चर्स ने अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से खबर है कि यह स्टूडियो का अगली बड़ी नॉस्टैल्जिया-ड्रिवन फिल्म होगी, जिसमें विल स्मिथ को 'एजेंट जे' के रोल में वापस लाया जा सकता है। 'मेन इन ब्लैक' फ्रेंचाइज की पिछली फिल्म 2019 में 'मेन इन ब्लैकः इंटरनेशनल' थी, जिसमें क्रिस हेम्सवर्थ लीड रोल में थे।

'मेन इन ब्लैक' सीरीज की पहली फिल्म 1997 में रिलीज हुई थी, जो लोवेल कनिंघम की मालिबू / मार्वल कॉमिक बुक सीरीज 'द मेन इन ब्लैक' पर आधारित थी। यह एक यूएफओ कॉन्सपिरेसी थ्योरी पर थी।

### टॉलीवुड

## मलयालम अभिनेत्री शोषण मामले में अदालत के फैसले पर श्वेता बोलीं- पीड़िता के साथ हैं हम



मलयालम इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री के अपहरण एवं यौन उत्पीड़न से जुड़े केस में सजा सुनाए जाने के बाद इंडस्ट्री की ओर से अब तक कई कलाकारों की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कई लोगों ने तो सजा पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े बहुचर्चित अभिनेत्री हमले के मामले में पल्सर सुनी समेत दोषियों को सजा सुनाए जाने के बाद अब सिनेमा जगत के अंदर प्रतिक्रियाओं का दौर तेज हो गया है। इसी कड़ी में कलाकारों के संगठन 'अम्मा' की अध्यक्ष और जानी-मानी अभिनेत्री श्वेता मेनन ने खुलकर अपनी बात रखी है। उन्होंने साफ कहा कि 'अम्मा' संगठन इस पूरे मामले में पीड़िता के साथ मजबूती से खड़ा है और न्याय की प्रक्रिया को लेकर संगठन की स्थिति बिल्कुल साफ है। श्वेता मेनन ने कहा कि अदालत के फैसले का सभी को इंतजार था, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर उन्हें लगता है कि दोषियों को मिली सजा पर्याप्त नहीं है। उनके मुताबिक, इस फैसले के खिलाफ अपील की जानी चाहिए ताकि पीड़िता को पूरा न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभिनेता दिलीप को दोबारा 'अम्मा' में शामिल करने को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। श्वेता ने दो टूक कहा कि दिलीप फिलहाल संगठन के सदस्य नहीं हैं और भविष्य में उनकी वापसी को लेकर वह खुद भी कुछ नहीं कह सकतीं। संगठन की प्रतिक्रिया में देरी को लेकर उठे सवालों पर भी श्वेता मेनन ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कुछ कलाकारों द्वारा दी गई टिप्पणियां उनकी निजी राय हो सकती हैं, लेकिन संगठन के भीतर क्या चल रहा है, यह वही लोग बेहतर जानते हैं जो लंबे समय से उससे जुड़े हैं। उनके बयान से यह साफ हो गया कि 'अम्मा' इस मामले में कोई भ्रम की स्थिति नहीं रखना चाहती।

### भोजपुरी

## 'दुल्हनिया नाच नचाए' का ट्रेलर रिलीज घर बन गया 'महाभारत' का कुरुक्षेत्र



भोजपुरी पारिवारिक फिल्म 'दुल्हनिया नाच नचाए' का ऑफिशियल ट्रेलर फाइनली रिलीज हो चुका है। इस ट्रेलर की कहानी बहू पर ससुराल वालों के जुल्म से शुरू होती है जहां घर 'महाभारत' का कुरुक्षेत्र बना नजर आ रहा है। वहीं अब सबके नाक में दम करने वाली कविता की एंट्री होती है। भोजपुरी सिनेमा की मोस्ट अवेटेड पारिवारिक फिल्म 'दुल्हनिया नाच नचाए' का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया और यू-ट्यूब पर धूम मचा रहा है। ट्रेलर में जहां स्मृति सिन्हा और शुभी शर्मा की जोड़ी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है, वहीं अंशुमान सिंह अपने आकर्षक और संजीदा किरदार से पूरी फिल्म को मजबूत आधार देते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक मूल्य, सामाजिक रिश्तों, प्रेम और परंपराओं पर आधारित है, जो आज के दौर में दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का काम करती दिख रही है। ट्रेलर में गांव की कहानी, पारिवारिक रिश्तों की मिठास, संघर्ष, प्रेम और सामाजिक ताने-बाने को खूबसूरत ढंग से दिखाया गया है। फिल्म में शुभी शर्मा एक सीधी-सादी और भावनात्मक किरदार वाली युवती की भूमिका में नजर आ रही हैं, जबकि स्मृति सिन्हा अपने सशक्त और एक्शन से भरे किरदार से दर्शकों को गहराई से जोड़ती हैं। अंशुमान सिंह का किरदार एक जिम्मेदार, संवेदनशील और परिवार के लिए संघर्ष करने वाले युवक का है, जो हर वर्ग के दर्शकों को खुद से जोड़ने में सफल होता दिख रहा है।




पेरिस में फैशन के लिए मशहूर ब्रांड अवांट-गार्डे अप्रोच का कलेक्शन इन दिनों धूम मचा रहा है। इसे भविष्य के फैशन के तौर पर चिह्नित किया जा रहा है। यह कलेक्शन पेरिस रनवे पर बोल्ड टेक्सचर, अनएक्सपेक्टेड लेयरिंग और कॉन्सेप्चुअल डिज़ाइन को बखूबी दिखाता है। इसे इनोवेशन और सृजनात्मकता का मेल मान सकते हैं।

## दुल्हन के हाथों में खूब जचेंगी ये ज्वेलरी मेहंदी डिजाइन

दुल्हन के हाथों में भरे हुए और बारीक डिजाइन बेहद प्यारे लगते हैं। इंटरनेट में आपको ब्राइड के लिए कई सारे डिजाइन मिल जाएंगे। ये मेहंदी डिजाइन बनाने में भी सिंपल है और दुल्हन के हाथों में जचेंगी भी बहुत। आजकल लोग ज्यादा भरे हुए मेहंदी लगवाना पसंद नहीं करते हैं, उनके लिए ये डिजाइन परफेक्ट है। लंबी और गोरी हाथों में ये डिजाइन बहुत प्यारी लगेगी।

ब्राइड और ब्राइड्समेड दोनों ही इस डिजाइन को लगा सकते रहें। उंगलियों में बारीक डिजाइन के साथ-साथ कलाई पर बने ये डिजाइन बनाने में भी आसान है, साथ ही रचने के बाद भी खूब जचेंगी। इस डिजाइन को बनाने में ज्यादा वक्त नहीं लगता और हाथों की खूबसूरती भी बढ़ती है।

कलाई, हाथ के बैक साइड और उंगलियों में लगे ये खूबसूरत डिजाइन आपके हाथों की शोभा को बढ़ाएगी। हैवी और बारीक होने के साथ-साथ ये मेहंदी डिजाइन हाथों की बैक साइड के लिए परफेक्ट है। चौड़ी और भरी हुई हथेली में मेहंदी की यह डिजाइन खूब जचेंगी।

हाथों में सिंपल और बारीक मेहंदी के ये डिजाइन खूब जचेंगे। आजकल बारीक और सिंपल मेहंदी डिजाइन बहुत ट्रेंड कर रहा है। ये डिजाइन ब्राइड मेड्स और वर्किंग वुमन दोनों के लिए बेस्ट है। बनाने में भी ज्यादा वक्त नहीं लगेगा और हाथों में भी खूब जचेंगी।

हाथों की बैक साइड में मेहंदी की ये डिजाइन बहुत प्यारी और खूबसूरत लगने वाली है। बैक साइड में लगी मेहंदी हथेली के मुकाबले ज्यादा देखी जाती है, इसलिए आप इस डिजाइन को बैक हैंड के लिए पिक



कर सकती हैं। ये ज्यादा हैवी भी नहीं है और मिनिमल लुक के साथ हाथों की खूबसूरती में चार चांद लगा देगी।

## दुबलापन नजर नहीं आएगा अगर अपनाएंगे ऐसी ड्रेसिंग



दुबलापन आपके लुक को इतना बिगाड़ देता है कि लड़कियां एक नजर भी नहीं देखती हैं तो आपको अपनी ड्रेसिंग में सुधार कर लेना चाहिए। ड्रेसिंग ऐसी होनी चाहिए कि आपका दुबलापन तो छुप ही जाए, आप स्मार्ट भी खूब दिखें। इसके लिए आपको खास ड्रेसिंग टिप्स अजमाने होंगे। इन टिप्स के साथ आप बेहद दुबले होने पर भी बेस्ट लुक पा सकेंगे। लुक बेस्ट होगा तो लव लाइफ भी आगे बढ़ेगी। कैसे होगा ये जानते हैं-



### स्किनी जींस को कहिए नो

दुबले पुरुष अगर स्किनी जींस पहनते हैं तो ये ड्रेसिंग से जुड़ी उनकी सबसे बड़ी गलती होती है। अगर आप दुबले हैं तो स्किनी नहीं बल्कि स्लिम फिट जींस ही पहनें स्लिम फिट जींस से थाई के आसपास थोड़ा चौड़ाई महसूस होती है। स्किनी जींस के साथ बैगी जींस भी न पहनना ही सही निर्णय होता है। इसके साथ आपकी हाइट भी कम लगती है।



### चुनें फुल स्लीव शर्ट

दुबलापन आपका लुक खराब किए देता है तो बहुत अच्छा होगा कि आप शर्ट हमेशा फुल स्लीव वाली ही पहनें। पूरी बांह के साथ आपके दुबले हाथ छुप जाते हैं।

आप अपने लुक में बेस्ट दिख पाते हैं क्योंकि आपके सीक जैसे हाथ शर्ट की बांह में छुप जाते हैं। अगर आप फुल शर्ट नहीं पहनना चाहते हैं तो ध्यान रहे कि हाफ शर्ट की बांह हाथों के आसपास फिटेड हो।

### अपर बॉडी आउटफिट ज्यादा जरूरी

अपने दुबलेपन के चलते आप अक्सर अपने लुक को लेकर परेशान रहते हैं अपर बॉडी ऑउटफिट बहुत सोच समझकर ही खरीदें। जैसे शर्ट न बहुत टाइट हो न बहुत ढीली। सीने पर तो ये बिल्कुल भी टाइट नहीं होनी चाहिए।

## माचिस की तीली की मदद से घर अपने नाखूनों पर करें नेल आर्ट

आप घर पर माचिस की तिल्ली से नेल आर्ट डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इससे डिजाइन भी अच्छा बनता है साथ ही हाथ सुंदर नजर आते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले अपने हाथों को घर पर ही मैनीक्योर करके साफ कर लें। इसके बाद नाखूनों से पुरानी नेल पेंट को अच्छे से साफ कर लें।

अब जो कलर आपने चूज किए हैं। उन्होंने अपने नाखूनों पर लगाएं। 2 नाखूनों पर एक कलर और बचे हुए नाखूनों पर अलग कलर। फिर एक माचिस की तिल्ली लें और कॉन्ट्रास्ट करके कलर चूज करें। उसकी टीप पर उस कलर को लें और फूल डिजाइन में छोटे-छोटे डॉट लगाएं।

इस तरह बाकी उंगलियों पर करें। अब आप इसमें फिर दूसरे कलर से डॉट लगाएं। थोड़ा सा आगे की तरफ फैलाएं। इसके बाद आप चाहे तो इसमें स्टोन लगाएं वरना ट्रांसपेरेंट (आसानी से बन जाने वाले नेल आर्ट डिजाइन) नेल पेंट लगाकर सूखने दें। इस तरीके से सिर्फ 15 मिनट में आपकी नेल आर्ट हो जाएगी। आप टेप की मदद से भी अच्छे



डिजाइन नाखूनों पर क्रिएट कर सकती हैं। स्पंज की मदद से भी नेल आर्ट की जा सकती है। स्टोन या भी पर्ल का इस्तेमाल करके भी नेल आर्ट कर (नेल आर्ट) सकते हैं।इन टिप्स को ध्यान में रखें और बाहर पैसे खर्च करने की जगह घर पर भी मौजूद चीजों से नेल आर्ट करें और हाथों को सुंदर दिखाएं।

## शॉल को एक ही तरह से पहनकर हो गए है बोर, तो ट्राई ये हैक

सर्दियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में हर कोई अलग-अलग तरीके के गर्म कपड़ों को स्टाइल करेगा। लेकिन इसके लिए आपको सही तरीका जानने की जरूरत है।सर्दियों में हर कोई गर्म कपड़े पहनता है। लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत आती है उन्हें अलग-अलग तरीके से स्टाइल करने में। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार तो हम कपड़ों को वैसे ही पहन लेते हैं जैसे हर बार स्टाइल करते हैं। लेकिन जब बोर हो जाते हैं तो उसे सिर्फ अपनी वॉर्डरोब में ही रखा रहने देते हैं। शॉल के साथ अक्सर हम ऐसा ही करते हैं। इसकी वजह से वो दोबारा इस्तेमाल में नहीं आते हैं। इस बार आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे। जिसे ट्राई करके आप शॉल को अलग-अलग तरीके से वियर कर सकती हैं और सबसे अलग नजर आ सकती हैं।

### बेल्ट के साथ स्टाइल करें शॉल

बेल्ट को स्टाइल करने का फैशन आजकल काफी ट्रेंड में है। हर किसी को आउटफिट के साथ बेल्ट स्टाइल करना काफी पसंद भी है। इस बार आपको इसे साड़ी के साथ नहीं बल्कि शॉल को स्टाइल करने के लिए पहननी होगी। जिससे आपको ठंड भी न लगे साथ ही आपका लुक स्टाइलिश लगे। इसके लिए आपको सबसे पहले शॉल के दोनों सिरों को गले से आगे की तरफ डालना है। फिर इसमें कमर पर बेल्ट लगानी है। इस तरीके से आप इसे वियर कर सकती हैं। इसे आप चाहे तो कुर्ते के ऊपर स्टाइल करें वरना जींस टॉप के साथ भी ये काफी अच्छे लगते हैं।



कार्नर न्यूज

**लाइफस्टाइल में शामिल कीजिए जरूरी टिप्स को, बढ़ जाएगी स्मार्टनेस**

## चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो हेयर कट से लेकर खुशबू तक का रखें ध्यान, लोग देखेंगे मुड़-मुड़ कर

'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ऐसा करने के लिए आपको कुछ खास बातें अपनी लाइफस्टाइल में शामिल करनी होंगी।

### टाइम पर हेयर कट

ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।'ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

### आपकी वाली खुशबू

आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले



खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे। इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।

### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं? ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।

### स्क्रब भी करें इस्तेमाल

स्क्रब एक ऐसा प्रोडक्ट है जो अभी भी ज्यादातर लोगों की ग्रूमिंग में शामिल नहीं हुआ है। जबकि स्क्रब का नियम से इस्तेमाल स्किन को हमेशा जवां रखता है। स्क्रब वो लें जिसमें नेचुरल इंग्रिडिएंट्स हों जैसे ओट्स, एप्रिकॉट। इसको इस्तेमाल करने से स्किन की गंदगी निकल जाती है और ये फ्रेश एकदम हो जाती है।

### डार्क सर्कल का करें उपाय

अगर समय की आपाधापी और नींद की कमी से आपकी आंखों के आसपास डार्क सर्कल हो गए हैं तो इनका इलाज भी आपको कर लेना चाहिए। क्योंकि आप पूरी तरह से ग्रूम होंगे तो भी ये डार्क सर्कल आपको पर्फेक्ट लुक नहीं मिलने देंगे।

